www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 298 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00

जयपुर, सोमवार, 01 सितंबर 2025, भाद्रपद, शुक्ल पक्ष नवमी संवत् - 2082

भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत




### एससीओ बैठकः मोदी ने जिनपिंग को भारत आने का न्योता दिया, एक मंच पर दिखे मोदी और पाकिस्तानी पीएम

# आतंकवाद से लड़ने में चीन का साथ मांगा



**मोदी और पुतिन के साथ-साथ सेंट्रल एशिया, मिडिल ईस्ट, साउथ एशिया और साउथ-ईस्ट एशिया के नेता भी इस समिट में शामिल होंगे।**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों के बीच 50 मिनट बातचीत हुई। बातचीत के बाद मोदी ने जिनपिंग को भारत में आयोजित ब्रिक्स 2026 में आने के लिए न्योता दिया। इससे पहले उन्होंने जिनपिंग के सामने आतंकवाद का मुद्दा उठाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक मोदी ने इसे वैश्विक मुद्दा बताया और साथ देने की मांग की। वहीं, मीटिंग में जिनपिंग ने कहा कि PM मोदी से मिलकर खुशी हुई। ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। समिट के बाद मोदी आधिकारिक स्वागत समारोह में पहुंचे। यहां SCO समिट में आए सभी नेताओं ने ग्रुप फोटो खिंचाई, जिसमें पीएम मोदी के साथ पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे।

### गलवान झड़प के बाद, मोदी का पहला चीन दौरा

मोदी शनिवार शाम 2 दिन के जापान दौरे के बाद चीन पहुंचे थे। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे। इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को कम करना भी है। मोदी आज तियानजिन शहर में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की मीटिंग में हिस्सा लेंगे। इस बार चीन में इतिहास की सबसे बड़ी SCO समिट का आयोजन हो रहा है।

### पीएम मोदी और जिनपिंग की बातचीत

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पीएम मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात का डिटेल ब्योरा दिया। यह पिछले एक साल में दोनों नेताओं की दूसरी मुलाकात थी। इससे पहले दोनों अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में मिले थे। साझेदारी और शांति पर जोर- दोनों नेताओं ने कहा कि भारत और चीन एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि साझेदार हैं। दोनों देशों के दोस्ताना रिश्ते 2.8 अरब लोगों के लिए फायदेमंद होंगे। एशिया और दुनिया में मल्टी पोलर सिस्टम के लिए भारत-चीन का सहयोग जरूरी है। सीमा मुद्दे पर चर्चा- पीएम मोदी ने सीमा पर शांति बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने पिछले साल हुए समझौते और सीमा पर शांति बनाए रखने तारीफ की। मौजूदा सिस्टम के जरिए शांति बनाए रखने पर सहमति बनी। जिनपिंग ने 4 सुझाव दिए- राष्ट्रपति शी ने संबंधों को बेहतर बनाने के लिए चार सुझाव दिए- 1. डिप्लोमेटिक संवाद बढ़ाना, 2. आपसी भरोसा मजबूत करना, 3. आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाना, 4. एक-दूसरे की चिंताओं का ध्यान रखना और ग्लोबल मंचों पर साझा हितों की रक्षा करना।

## न्यूज ब्रीफ

### यूसीसी के दायरे से बाहर रहेंगे आदिवासी: रिजिजू

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कहा कि पूर्वोत्तर और देश के अन्य क्षेत्रों के आदिवासियों को प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के दायरे से बाहर रखा जाएगा ताकि वे अपनी व्यवस्था के अनुसार मुक्त रूप से जीवन जी सकें। आरएसएस से संबद्ध वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि कुछ लोग इन दिनों सोशल मीडिया पर एक विचित्र माहौल बना रहे हैं और केंद्र के खिलाफ एक विमर्श गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री होने के नाते मैं अपनी सरकार का रुख साझा करना चाहता हूं। हमारी सरकार और पार्टी (भाजपा) संविधान के अनुसार देश में समान नागरिक संहिता (लाने) के बारे में सोच रही है। जब फौजदारी कानून सभी के लिए समान है, तो नागरिक कानून भी सभी के लिए समान क्यों नहीं होना चाहिए।

#### सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

### पब्लिक प्लेस पर उपयोग न होने पर नहीं लगेगा वाहन टैक्स

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मोटर वाहन कर की प्रकृति प्रतिपूरक है और अगर किसी वाहन का उपयोग नहीं किया जाता है या 'सार्वजनिक स्थान' पर इसका इस्तेमाल नहीं हो रहा है, तो उसके मालिक पर मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। न्यायाधीश मनोज मिश्रा और न्यायाधीश उज्जल भुइयां की पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दिसंबर 2024 के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर अपना फैसला सुनाया। न्यायालय ने कहा कि मोटर वाहन कर लगाने का तर्क यह है कि जो व्यक्ति सार्वजनिक अवसंरचना, जैसे सड़क, राजमार्ग आदि का उपयोग कर रहा है, उसे ऐसे उपयोग के लिए भुगतान करना होगा।

### तीन दशक बाद खुले शारदा भवानी मंदिर के कपाट

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** कश्मीरी पंडित समुदाय ने करीब तीन दशक बाद रविवार को बडगाम जिले में स्थित शारदा भवानी मंदिर के कपाट पूजा-अर्चना के लिए खोले। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी हिस्सा लिया। मध्य कश्मीर जिले के इचकूट गांव में 'मुहूर्त' और 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अवसर कश्मीरी पंडित परिवारों के एक समूह के अपने पैतृक स्थान पर लौटने का भी प्रतीक था।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल एवं मंत्रिपरिषद् की बैठक

# अवैध धर्मान्तरण रोकने के लिए और कठोर होंगे प्रावधान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमंडल एवं मंत्रिपरिषद् की बैठक में मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के लाभार्थियों को सौर ऊर्जा से जोड़कर 150 यूनिट निःशुल्क बिजली देने, प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में सुव्यवस्थित सीवरेज सिस्टम बनाने के लिए सीवरेज एवं अपशिष्ट जल नीति-2016 में संशोधन, राजस्थान विधिविरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2025 लाने, राजसेस महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए शीघ्र भर्तियां करने सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती एवं सुलभ सौर ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जादाता बनाने की दिशा में एक अनूठी पहल की है। प्रदेश में जल्द ही पीएम सूर्यघर 150 यूनिट निःशुल्क बिजली योजना लागू की जाएगी। घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को ऊर्जादाता बनाने की दिशा में देश के किसी भी राज्य में अपनी तरह की यह महत्वाकांक्षी योजना है। गोदारा ने बताया कि इस निर्णय का लाभ 1 करोड़ 4 लाख घरेलू श्रेणी के रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं को होगा और वे सौर ऊर्जा से जुड़कर प्रतिमाह 100 यूनिट के स्थान पर अब 150 यूनिट तक निःशुल्क बिजली का लाभ उठा पाएंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2025-26 के बजट में मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के रजिस्टर्ड लाभार्थियों को और अधिक लाभ देने की मंशा के साथ पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लीवरेज करते हुए रूफ टॉप सोलर पैनल लगाकर 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण घोषणा की थी। साथ ही, ऐसे परिवारों, जिनके घर में सोलर प्लांट लगाने के लिए पर्याप्त छत नहीं है, उनके लिए सामुदायिक सोलर संयंत्र लगाने की घोषणा भी बजट में की गई थी।



### 150 यूनिट से अधिक औसत मासिक उपभोग

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना में पंजीकृत 27 लाख लाभार्थी परिवारों, जिनका औसत मासिक उपभोग 150 यूनिट से अधिक है, उनके घर की छत पर इस योजना में 1.1 किलोवाट क्षमता के निःशुल्क सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इसके लिए ऐसे प्रत्येक उपभोक्ता को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत भारत सरकार से प्रति संयंत्र 33,000 रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी। वहीं राज्य सरकार द्वारा 17,000 रूपए प्रति संयंत्र की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। इससे 1.1 किलोवाट क्षमता का पैनल पूरी तरह निःशुल्क हो जाएगा और 150 यूनिट तक मासिक खपत पर उपभोक्ता का मासिक बिजली बिल शून्य हो जाएगा। वहीं करीब 27 लाख परिवारों के रूफ टॉप संयंत्र लगने से 3,000 मेगावाट अतिरिक्त सौर ऊर्जा क्षमता सृजित होगी।

### नगरीय निकायों में 1 लाख के स्थान पर 2 लाख स्ट्रीट लाइटें

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में आबादी बढ़ने के साथ-साथ आवासीय क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए सड़कों पर एक लाख एलईडी स्ट्रीट लाईटें लगाने की घोषणा वर्ष 2025-26 के बजट में की गई थी। नगरीय निकायों की संख्या 282 से बढ़कर 312 हो जाने एवं कई नगरीय निकायों में पुरानी हो चुकी लाइटों के स्थान पर नवीन लाइटें लगाने की जरूरत के मद्देनजर अब एक लाख लाइटों के स्थान पर 2 लाख स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। संशोधित बजट घोषणा के अन्तर्गत इस पर अनुमानित 160 करोड़ रूपये का व्यय होगा। उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने बताया कि प्रदेश में राजस्थान कॉलेज एजुकेशन सोसाइटी (राजसेस) का गठन गत सरकार के समय वर्ष 2020 में किया गया था और इसके अंतर्गत 374 महाविद्यालय संचालित हैं।

### उत्तर-पश्चिमी भारत में अगस्त में 265 मिलीमीटर बारिश... 2001 के बाद सर्वाधिक, आईएमडी की चेतावनी

## राजस्थान समेत कई राज्यों में सितंबर में भारी बारिश की संभावना



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत में सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि उत्तर-पश्चिमी भारत में अगस्त में 265 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो 2001 के बाद से इस महीने में सबसे अधिक और 1901 के बाद से 13वीं सबसे अधिक बारिश है। वहीं, मौसम विभाग ने कहा कि सितंबर में उत्तर-पश्चिमी भारत, विशेषकर उत्तराखंड, दक्षिण हरियाणा, दिल्ली और उत्तरी राजस्थान में भारी बारिश की संभावना है।

आईएमडी ने रविवार को बताया कि सितंबर 2025 के लिए मासिक औसत वर्षा 167.9 मिलीमीटर के दीर्घकालिक औसत के 109 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने चेतावनी दी कि भारी वर्षा से सितंबर में उत्तराखंड में भूस्खलन और अचानक बाढ़ आ सकती है। पिथौरागढ़। देश के विभिन्न भागों में भारी बारिश और भूस्खलन का सिलसिला जारी है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में धारचूला के पास ऐलागाड़ क्षेत्र में रविवार को मूसलाधार बारिश के कारण 280 मेगावाट की धौलीगंगा विद्युत परियोजना की सुरंगों के मुहाने पर हुए भारी भूस्खलन से बिजलीघर के अंदर राष्ट्रीय जलविद्युत निगम लिमिटेड (एनएचपीसी) के 19 कर्मचारी फंस गए,जिनको बाद में सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

### गुजरात: केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने की 'डायल 112' योजना की शुरुआत

# देश की सीमाओं से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता:शाह

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात सरकार की 'डायल 112 आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस) की शुरुआत की और कहा कि यह नए युग की 'स्मार्ट पुलिसिंग' प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि अब सभी प्रकार की सुरक्षा संबंधी सेवा के लिए एक नंबर उपलब्ध होगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्षों में भारत ने दुनिया को एक कड़ा संदेश दिया है कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। गृह मंत्री शाह ने इस अवसर पर कहा कि प्रोजेक्ट 112' देश की आंतरिक सुरक्षा, नागरिकों के अधिकारों, कानून-व्यवस्था और समय पर सभी प्रकार की सुरक्षा प्रदान करने के लिए नरेन्द्र मोदी का 'विजन' है। मुझे खुशी है कि गुजरात ने 'डायल 112' परियोजना के मानचित्र पर अपनी जगह दर्ज करा ली है। शाह ने मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्ष में केंद्र सरकार ने दुनिया को यह बता दिया है कि देश की सेना और उसकी सीमाओं से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, एक समय था जब कांग्रेस शासनकाल के दौरान बम विस्फोट होते थे और केंद्र सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं होती थी। अगर राज्य सरकार कुछ करती थी तो ठीक था, वरना कुछ नहीं। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पाकिस्तान ने तीन बड़े हमले उरी, पुलवामा और पहलगाम करने की गलती की और तीनों ही बार मोदी ने पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया। शाह ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंकवादी घटनाओं की योजना बनाने वाले आकाओं को सबक सिखाया और 'ऑपरेशन महादेव' में उन्हें अंजाम देने वाले तीन आतंकवादियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि 11 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने जमीनी स्तर पर 'आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतने वाली नीति' को लागू करने का काम किया है।




### नक्सली विलुप्त होने के कगार पर

शाह ने कहा कि चाहे पूर्वोत्तर हो, कश्मीर हो या नक्सल प्रभावित क्षेत्र, भाजपा सरकार ने आतंकवादियों और सशस्त्र समूहों को सबक सिखाया। पूर्वोत्तर में 10,000 से ज्यादा लोगों ने आत्मसमर्पण किया और काठमांडू से तिरुपति तक 'रेड कॉरिडोर' का सपना देखने वाले नक्सली आज विलुप्त होने के कगार पर हैं। उन्होंने कहा, गुजरात की धरती से मैं एक बार फिर विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि 31 मार्च, 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। यही हमारी सरकार का संकल्प है।

# तेज बारिश से ढही 15 फिट ऊंची और 40 फीट लंबी सुरक्षित दीवार,पालिका टीम ने 4 घंटे में सुचारू कर दिया रोड

बढ़ता राजस्थान

**बांदीकुई ( नि.स. )।** शहर में बारिश और तेज बिजली कड़कने का दौर रहा। बीती रात को करीब 12 बजे से बारिश का दौर शुरू हुआ जिसमें काफी अच्छी खासी बारिश ने तेज उमस से राहत प्रदान की। हालांकि बारिश का दौर अगले दिन रविवार को भी जारी रखा। तेज बिजली कड़कने की आवाज से लोग सहम से गए। हालांकि इस बीच हरिपुरा रोड पर सरयू दास आश्रम बगीची की 15 फिट ऊंची और करीब 40 फीट लंबी सुरक्षा दीवार ढह गई। यह तो गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी तरह की अनहोनी नहीं हुई। लेकिन हरिपुरा रोड बंद होगया। जिस कारण आवागमन को कालोनी के रास्ते में डायवर्ट किया गया। सड़क पर फैले मलबे की वजह से साधनों की निकासी बंद हो गई थी।

रविवार को भी दोपहर में करीब 40 मिनट तक बारिश हुई। जिसमें लोगों को राहत मिली वही सड़कों पर पानी भर गया। हालांकि इस दौरान नगरपालिका प्रशासन बारिश के पानी को निकालने में जुट गया और एसआई आशुतोष व्यास के नेतृत्व में दिनेश शर्मा,सुनील कुमार जमादार,श्याम सुंदर,अजय कुमार बरखेड़ी, महेंद्,सन्नी सहित पूरी टीम हरिपुरा रोड पर बंद हुए रास्ते को सुचारू करने में जुट गई। नगर पालिका द्वारा तत्काल जेसीबी को बुलाकर मलबे को साइड में करवाया गया और फिर मलबे को नगर पालिका के ट्रैक्टरों में भरकर उठाया गया। तब कहीं जाकर के रोड चालू किया गया।



## भर्तृहरि महाराज मंदिर में विशाल भण्डारे का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा कस्बे की ढाणी मोडावाली में रविवार को भाद्रपद अष्टमी की तिथि को भर्तृहरि महाराज मंदिर में विशाल भण्डारे व सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने बाबा के महाप्रसाद को ग्रहण किया और भर्तृहरि महाराज के धोक लगाई। मंदिर कमेटी सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से बाबा के विशाल भण्डारे व सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दोपहर में भर्तृहरि जी की आरती के बाद पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया। पुजारी सोहन लाल ने बताया कि भर्तृहरि महाराज मंदिर में आयोजित होने वाले भण्डारे और सत्संग में श्रद्धालुओं की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के पीछे का उद्देश्य लोगों को एक साथ लाना और समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर बलराम सैनी, राजू सैनी, रामकरण सैनी, छोटूराम सैनी, बब्लू सैनी, रोहिताश सैनी, मुकेश सैनी, लालचंद सैनी, शशीकांत, हनूमान, फल्लूराम सैनी, रामजीलाल सैनी समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे। सभी ने भरतरी महाराज की जयकारे लगाए और महाप्रसाद ग्रहण किया।

## पीएम श्री नवोदय विद्यालय पावटा में दो दिवसीय संकुल स्तरीय कला उत्सव का समापन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पावटा स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय संकुल स्तरीय कला उत्सव का शनिवार को समापन हुआ। इस कार्यक्रम में जयपुर संकुल के विभिन्न नवोदय विद्यालयों के 91 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य संजू जोशी ने बताया कि संगीत प्रतियोगिता में एकल गायन में जैसलमेर के प्रतिभागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जयपुर के प्रतिभागी ने द्वितीय स्थान और जोधपुर के प्रतिभागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह गायन में जयपुर ने प्रथम स्थान, बीकानेर ने द्वितीय स्थान और जोधपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार दृश्य कला की एकल (2ड) गतिविधि में जालौर के प्रतिभागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अजमेर के प्रतिभागी ने द्वितीय स्थान और जयपुर के प्रतिभागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दृश्य कला की समूह गतिविधि में सिरोही ने प्रथम स्थान, जालौर ने द्वितीय स्थान और बीकानेर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सभी विजेताओं को प्राचार्य संजू जोशी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों को अपने मजबूत आत्मविश्वास के साथ प्रतिभा दिखाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। स्थानीय विद्यालय के शिक्षक सुबेसिंह गोठवाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और वे अपने आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं।श्रवण चौहान पंच, शंभुदयाल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।



## प्रागपुरा में सांड का आतंक: कई लोग घायल, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका के शहरी क्षेत्र प्रागपुरा में एक सांड के हमले से लोग परेशान हैं। यह सांड आये दिन राहगीरों और घरों से बाहर बैठे लोगों पर हमला कर रहा है, जिससे कई लोग घायल हो चुके हैं। पिछले कुछ महीनों में इस सांड ने कई लोगों पर हमला किया है, जिनमें रोहिताश यादव, फिरोज खान, मजिद पुत्र सफी लुहार, रिहाना बानों, इमरान खान, कमला देवी और आमीन लुहार शामिल हैं। फिरोज खान ने बताया कि वह अपने घर के बाहर लोहे के पलंग पर बैठे थे, तभी यह सांड आया और उन्हें अपने नुकिले सिंगो से उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह घायल हो गए। मजिद पुत्र सफी लुहार ने बताया कि वह घर से बाहर शौच के लिए निकले थे, तभी इस सांड ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें घायल कर दिया। अनिल चावला ने बताया कि वो बाजार सामान लेने गये तो इसी सांड ने उस पर हमला किया और उनके पैर में नुकीला सिंह लगने और जमीन पर सांड के पैरों के नीचे आने से पूरा शरीर दर्द कर रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस सांड को पकड़वाकर अन्यत्र स्थान पर छोड़ दिया जाए, ताकि लोगों को इन निराश्रित गौवंश से छुटकारा मिल सके। लोगों का कहना है कि पालिका शहर के प्रागपुरा में एक लाल काले रंग का सांड आमजन के लिए सिरदर्द बना हुआ है और इसकी वजह से कई लोग घायल हो चुके हैं। इस मामले में प्रशासन को तुरंत कार्रवाई कर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

## विधायक ने सुनी मन की बात

बढ़ता राजस्थान

**बांदीकुई ( नि.स. )।** विधायक भागचंद सैनी टाकड़ा ने रविवार को बूथ नंबर 125 पर मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया और इस दौरान उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकास पुरुष के नाम से संबोधित करते हुए कहा की आज भारत जापान, अमेरिका,रूस जैसे बड़े और विकसित देशों के साथ खड़ा हुआ है। यह सब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच का परिणाम है। उन्होंने इस दौरान राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा,पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज टोंडवाल,युवा गुर्जर महासभा के प्रदेश नेता मक्खन सिंह गुर्जर लीलोज और व्यापारी गिर्राज सिंह चौहान मौजूद थे।

## मधुवन में हुआ राज्य के पहले मेगा डाग्नोस्टिक एवं इन्टरवेन्शन सेन्टर का शुभारम्भ,मिलेगी अत्याधुनिक सुविधायें

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** शहर के मधुवन में रविवार को राज्य के पहले अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक एवं इंटरवेंशन सेंटर का मुख्य अतिथि डॉ. आनंद गुप्ता, डॉ. एम.एम. मंगल और आरएनटी मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. लाखन पोसवाल,डॉ. भरत गुप्ता एवं डॉ. भरत जैन ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया।

मेगा डायग्नॉस्टिक्स एंड इंटरवेंशन के निदेशक डॉ. भरत गुप्ता एवं डॉ. भरत जैन ने बताया कि यह राजस्थान का पहला एडवांस्ड एवं कॉम्प्रिहेन्सिव डायग्नॉस्टिक व इंटरवेंशन सेंटर है, जहां मरीजों को सभी प्रकार अत्याधुनिक सुविधाएँ एक ही छत के नीचे मिलेंगी, जिससे उन्हें विभिन्न बीमारियों का सटीक और त्वरित निदान एवं उपचार संभव हो सकेगा। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए और इस सेंटर के शुभारंभ को उदयपुर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

उन्होंने बताया कि इस सेन्टर पर सभी प्रकार के ब्लड टेस्ट,एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड (सोनोग्राफी),कलर डॉपलर, सीटी स्कैन,एमआरआई, हिस्टोपैथोलॉजी, आईएचसी (इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री),गाइडेड बायोप्सी, एफएनएसी (फाइन नीडल एस्पिरेशन साइटोलॉजी), इंटरवेंशनल प्रोसीजर्स, वेरिकोज वैन ट्रीटमेंट,पेरिफेरल स्टेंटिंग,एम्बोलाइजेशन, किडनी फिस्टुलोप्लास्टी,यूट्रस फाइब्रॉएड ट्रीटमेंट, लिवर जॉन्डिस और लिवर सर्कोसिस की जांच होगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा गर्भावस्था संबंधी विशेष सेवाएँ भी उपलब्ध होगी जिसमें फीटल सोनोग्राफी, अनोमली स्कैन,एमनियोसेंटेसिस, अन्य विशेष सुविधाओं में एब्डोमिनल फैट क्वांटिफिकेशन, लिवर की ब्लड टेस्ट, सोनोग्राफी के साथ बायोप्सी और एफएनएसी, लिवर जॉन्डिस ट्रीटमेंट, किडनी डायलिसिस पेशेंट्स के लिए फिस्टुला जांच, सीटी स्कैन की एडवांस्ड जांच जैसे सीटी एंटरोक्लिसिस और एंटरोग्राफी शामिल है।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत, वन विभाग को किया सुपुर्द



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर रविवार को हुए हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से दो राष्ट्रीय पक्षी मोरों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन हरकत में आया और अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों मृत मोरों को सम्मानपूर्वक वन विभाग को सुपुर्द किया गया इस दौरान स्टेशन अधीक्षक गजे सिंह, आरपीएफ एएसआई सीताराम मीणा, जीआरपी दीवान खितेंद्र, वन रक्षक मुराद काठात, पॉइंटमैन दौलत डाबरिया और किशनलाल मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही की वन विभाग की टीम ने मृत मोरों को अपने सुपुर्द लिया और आगे की प्रक्रिया शुरू की। गौरतलब है कि मोर राष्ट्रीय पक्षी है और इसके संरक्षण के लिए विशेष प्रावधान भी किए गए हैं। रेलवे प्रशासन ने घटना पर खेद व्यक्त करते हुए वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की है।

## अच्छी व खराब परिस्थिति में भी दान करना न भूलें:आचार्य ज्ञानचन्द्र

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** न्यू भूपालपुरा स्थित अरिहंत भवन में चल रहे चातुर्मास में आयोजित धर्मसभा में जैनाचार्य ज्ञानचंद्र महाराज ने कहा कि सबसे बड़ा स्वार्थ होता है। स्वार्थ खत्म तो रिश्ता खत्म। आज कल ना कोई प्रेम है ना कोई दोस्ती, सब रिश्ते स्वार्थ से जुड़े हैं। पति-पत्नी का रिश्ता हो या माता-पिता का रिश्ता हो या भाई बहन का। उन्होंने कहा कि एक बुजुर्ग ने किसी से पूछा परिवार बड़ा है या मित्र। बुजुर्ग ने जवाब दिया ना परिवार,ना मित्र। सभी रिश्तों में जब अपना स्वार्थ सामने आता है तो रिश्ते तारतार हो जाते हैं। बच्चे को जब तक मां की जरूरत है, तब तक मां मां करता है। जरूरत पूरी होने पर उसे वृद्ध आश्रम भेज दिया जाता है। आजकल दोस्त भी खरे मिलने मुश्किल हैं। धन के रिश्ते भी टूटते बिखरते नजर आते हैं। आपकी स्थिति अच्छी है तो भी दान करो, ताकि और अच्छी बनी रहे। स्थिति खराब है तो भी दान करो ताकि स्थिति अच्छी हो ।

## ग्वारीडांडा पुलिया घटिया निर्माण के कारण एक बारिश में हुई धराशाही, मरीज को चारपाई पर लिटाकर अस्पताल ले जाने को मजबूर ग्रामीण, आवागमन ठप

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता ) ।** करौली मंडरायल उपखंड के रोधई ग्राम पंचायत के ग्वारीडांडा गांव की घटना है। डीपी सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि कल रात्रि भारी बारिश के चलते पहली बारिश में पुलिया घटिया निर्माण के चलते टूट गई 31 अगस्त 2025 रविवार सुबह लगभग 4 घंटे बारिश के पानी उतरने का इंतजार किया उसके बाद मरीज मुनेश मीना पुत्र हरि मीना को सुबह 9.30 बजे समस्त युवा टीम ने चारपाई पर जान जोखिम में डालकर नाला पर करवाई ओर 3 किलोमीटर तक पैदल चलकर रंगा गांव तक लेकर गई तब जाकर करणपुर से मंडरयाल मुख्य मार्ग तक जाना हुआ, इसी तरह रोजमर्रा की जिंदगी में अध्यापक स्कूल तक दो पहिए वाहन से भी नहीं आ सकते, यदि कोई पशु बीमार हो जाए तो उसको उसको चारपाई पर भी नहीं ले जा सकते, आमजन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यदि कोई सर्पदंश, डिलेवरी या गंभीर मरीज हो तो एम्बुलेंस तक का वैकल्पिक मार्ग के लिए जन प्रतिनिधियों को युवा टीम ने लिखित में विधायक एवं कलेक्टर को कई बार अवगत करवा दिया। युवा नेता मुंशी मीना ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष बीतने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं के मोहताज नहीं क्या ग्रामीण दुनिया डिजिटल युवा में जी रही ओर हमारे गांव में मूलभूत सुविधाओं तक नहीं इसी तरह चलता रहा तो समस्त युवा टीम ग्वारीडांडा उग्र आंदोलन कर जन प्रतिनिधियो के पुतले जलाएंगे एवं आगामी चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

इस मौके पर मौजूद डीपी सिंह, वीरेंद्र, लाला, संतराम, भूरसिंह, कारे, राजू, लक्ष्मण, रकम, राजवीर, युवा नेता मुंशी मीना व अन्य युवा टीम ग्वारीडांडा उपस्थिति रहे।



## मेघ महल में हुई बैठक, प्रतिभाओं के सम्मान का लिया निर्णय, 10वीं, 12वीं व उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने वाले विद्यार्थी होंगे सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** अखिल राजस्थान मेघवंशी मेघवाल महासभा संस्था ब्यावर की आम बैठक रविवार को मेघ महल में संस्था अध्यक्ष जीवन राम मेहरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 14 सितंबर 2025, रविवार को होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज की अधिक से अधिक प्रतिभाओं को मंच पर सम्मानित किया जाए। बैठक में तय किया गया कि वे विद्यार्थी जिन्होंने 10वीं व 12वीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, स्नातक व अधिस्नातक परीक्षाओं में 60 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, इसके अतिरिक्त आईटीआई, पॉलिटेक्निक, एसटीसी, बीएड में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं या फिर राजकीय सेवाओं में चयनित हुए हैं, वे सभी समाज प्रतिभा सम्मान हेतु आवेदन कर सकते हैं समारोह में आमंत्रित किए जाने वाले अतिथियों की सूची को अंतिम रूप दिया गया। वहीं, अन्य व्यवस्थाओं हेतु उपस्थित समाजजनों और नवयुवकों को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। बैठक में अभी तक जिन भामाशाहों ने समाज के हित में सहयोग दिया, उनका आभार व्यक्त किया गया और आगे भी सहयोग की अपेक्षा जताई गई इस अवसर पर अर्जुन राम दुखाड़िया, भगवान सहाय जारोडिया, रामलाल मेहरा, राजूराम पलासिया, नरेंद्र कटारिया (सचिव), भंवरलाल पलासिया (कोषाध्यक्ष), चुन्नीलाल गहलोत, हरिराम कडेला, अरविंद जी (पीटीआई), सूरजमल सुवाल, चिराग मेघवाल, अनिल कटारिया (नवयुवक अध्यक्ष), मोहन प्रकाश कमालिया, जसवंत कमालिया, ओमप्रकाश बरवड़, दिनेश कमालिया, गोपाल हाटेला, बाबूलाल गुजरिया और सुखदेव धोधावत सहित कई समाजबंधु उपस्थित रहे।

## बोहराज ग्लोबल स्कूल में राधाष्टमी पर भक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित





बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** महुवा उपखंड मुख्यालय के रामगढ़ रोड स्थितद बोहराज ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार कोराधाष्टमी के पावन अवसर पर भक्ति और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर एक भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से तृतीय तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा रानी की मनोहर वेशभूषा में सजे हुए जब विद्यालय प्रांगण में पहुंचे, तो सम्पूर्ण वातावरण राधामय होकर भक्तिमय हो उठा।प्रात:कालीन प्रार्थना सभा में बच्चों को राधाष्टमी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इसके उपरांत राधा जी की आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित अतिथियोंजनों ने श्रद्धा के साथ भाग लिया।इस दौरानराधा रानीजी के भजनों पर बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियों देते हुएनृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विशेष रूप से राधा जी के भजन पर बच्चों ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी। साथ ही बच्चों ने राधा रानी के जयकारे लगाकर पूरे परिसर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया, जिसका सभी ने आनंद उठाया। राधाष्टमी का यह पावन पर्व बच्चों के लिए न केवल एक भक्ति मय आयोजन रहा, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, भक्ति और पारिवारिक मूल्यों की गहरी समझ भी प्राप्त हुई।इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को परिवार में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और संस्कारों की महत्ता के बारे में बताया, जिससे बच्चों में संस्कृति और आदर्शों के प्रति जागरूकता का विकास हुआ।

कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक विनय बोहरा, सह निदेशक विकास बोहरा, संरक्षक गोपुत्र अवधेश अवस्थी,ओ पी नागर, राजेश, पुनीत, कोऑर्डिनेटर श्वेता राणा नेगी, सभी विषय अध्यक्ष, समस्त विद्यालय स्टाफ, सहायक कर्मचारीगण एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौराननिदेशक विनय बोहरा ने कहा, इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है, साथ ही वे अपनी संस्कृति और परंपराओं से भी गहराई से जुड़ते हैं। कार्यक्रम का समापन जयकारों, प्रसाद वितरण और सामूहिक भजन के साथ हर्षोल्लास से किया गया।

## श्री श्याम जल सेवा समिति द्वारा निकाली श्री श्याम नगर भ्रमण एवं भव्य निशान यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता ) ।** श्री श्याम जल सेवा समिति द्वारा रविवार को दूसरा झूला महोत्सव आयोजित किया गया। पाताली हनुमान मंदिर से सुबह 9 बजे निशान यात्रा का शुभारंभ हुआ। श्याम बाबा की प्रतिमा को फूल मालाओं से सजाकर रथ पर विराजमान किया गया।क्षेत्रीय विधायक अनीता जाटव ने बाबा श्याम का निशान लेकर यात्रा में भाग लिया। यात्रा में बाबा श्याम का मुख्य निशान और उनकी पगड़ी सबसे आगे रही। आयोजन समिति के सदस्य रौनक गर्ग ने बताया कि सैकड़ों महिलाएं भी श्याम निशान लेकर यात्रा में शामिल हुईं।यात्रा के दौरान कलाकारों ने अघोरी शिव की झांकी प्रस्तुत की। निशान यात्रा तहसील रोड से शुरू होकर मोहन नगर, राजकीय बालिका स्कूल मार्ग, जगदम्बा मार्केट, जैन मंदिर रोड और टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे से होते हुए मोहन नगर स्थित एक पैलेस में समाप्त हुई।

# विकसित राजस्थान के रोडमैप पर हो रहा तेजी से कार्य, जल उपलब्धता के लिए राज्य सरकार ने किए महत्वपूर्ण निर्णय - मुख्यमंत्री

## दूदू में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास समारोह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन देते हुए आने वाले त्यौहार के सीजन में स्वदेशी उत्पादों को खरीदें। इससे स्थानीय कारीगरों को अधिक से अधिक रोजगार मिलेगा और हमारे लघु एवं कुटीर उद्योग सशक्त होंगे।

शर्मा रविवार को दूदू में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहा कि समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति के उत्थान से ही देश का विकास संभव है। उनके कल्याण से ही देश और प्रदेश की प्रगति सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। विकास एवं गरीब कल्याण की योजनाओं की प्रभावी शुरूआत की गई। साथ ही, उनके मार्गदर्शन में आतंकवाद-नक्सलवाद के खात्मे के साथ ही दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है।

### संकल्प पत्र में किए हर वादे को करेंगे पूरा-

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत और विकसित राजस्थान का रोडमैप भी बनाया गया है। हम निरंतर इस दिशा में काम कर रहे हैं। राज्य सरकार संकल्प पत्र में किए हर वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शर्मा ने आह्वान किया कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर जरूरतमंद तक पहुंचाने में आमजन सक्रिय भूमिका निभाएं।

### रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौते




### जैसे किए अभूतपूर्व निर्णय

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल आपूर्ति और उपलब्धता के क्षेत्र में प्राथमिकता से कार्य कर रही है। रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर, गंगनहर, माही बांध जैसी परियोजनाओं के माध्यम से जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, 2027 तक प्रदेश के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 20 महीने में जो विकास कार्य करवाए हैं, उतने पूर्ववर्ती सरकार पांच साल में भी नहीं करवा पाई। मुख्यमंत्री ने हरियालो राजस्थान के अंतर्गत पिछले वर्ष लगभग 7.5 करोड़ पौधे लगाए थे। इस वर्ष हमने 10 करोड़ का लक्ष्य रखा था, लेकिन 11 करोड़ से अधिक पौधारोपण का कार्य हुआ है। 5 साल में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने आमजन से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया।

### गेंहू के न्यूनतम समर्थन मूल्य में अब 150 रूपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस-

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में निरंतर बढ़ोतरी की जा रही है। पिछले वर्ष किसानों को गेहूं के एमएसपी पर 125 रूपए प्रति क्विंटल का बोनस दिया गया था। अब 150 रूपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस भी दिया जा रहा है।


दूदू के लिए 271 करोड़ रुपये की लागत से विश्व बैंक द्वारा ईपीसी मोड अंतर्गत स्वीकृत दूदू-सांभर-भाटीपुरा सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। साथ ही, 90 करोड़ रुपये से रसाईनी-मौजमाबाद-झाग-रामपुरा ऊँटी-बगरू सड़क निर्माण करवाया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पिछले 20 महीनों में दूदू क्षेत्र को विकास की कई सौगातें दी है। आज इस अवसर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आधारभूत संरचना से जुड़े लगभग 50 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ है, जिससे इस क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

**इन कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यास-**

मुख्यमंत्री ने दूदू विधानसभा क्षेत्र के लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण, सड़क निर्माण, मरम्मत व भवन निर्माण कार्यों एवं लगभग 10.5 करोड़ रुपये की लागत से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य कल्याण केंद्र, ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही 10 करोड़ रुपये की लागत के एकीकृत आयुष चिकित्सालय, दूदू एवं 9 करोड़ की लागत के राजकीय पॉलिटेनिक महाविद्यालय, फागी के भवन का शिलान्यास किया । कार्यक्रम में परिवहन विभाग एवं मारूति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (ए.डी.टी.टी.) के ऑटोमेशन कार्य निष्पादन के एमओए करार पर हस्ताक्षर किए गए।

# भैरु बाबा के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, वार्षिक मेले का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रींगस ( नि.स. )।** कस्बे में रविवार को लोक देवता भैरु बाबा के वार्षिक मेले का आयोजन हुआ। लाखों भक्तों ने भैर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर मनोकामनाएं मांगी व अपने बच्चों के जात-जडूले उतारे। मेले में आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए भैरु बाबा मंदिर कमेटी, रींगस उपखंड प्रशासन, रींगस नगर पालिका प्रशासन, पुलिस प्रशासन, श्री सूर्य मंडल समाज सेवा समिति, महावीर दल श्रीमाधोपुर सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा विशेष इंतजामात किए गए व भक्तों की सेवा की गई।

श्री सूर्य मंडल समाज सेवा समिति के अध्यक्ष हरिप्रसाद बलौदा ने बताया कि मंडल पिछले 50 साल से भैरू बाबा के मेले में अपनी लगातार सेवा देते आ रहा है। मंडल के सदस्य शनिवार मध्य रात्रि से ही मेला परिक्षेत्र में भक्तों की सेवा में लगातार जुटे हुए हैं, जो की विभिन्न प्रकार से खोया-पाया, बेरिकेट व्यवस्था, जल सेवा, दर्शन व्यवस्था आदि में अपनी लगातार सेवाएं दे रहे हैं। उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता ने मेला ग्राउंड का दौरा करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रींगस नगर पालिका टीम ने पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल के निर्देशन में पूरे मेला परिक्षेत्र में साफ-सफाई, रोशनी व छाया के विशेष इंतजाम किए जिनकी सभी लोगों ने सराहना की। मेले में भैरु बाबा मंदिर कमेटी की ओर से भेरुजी की प्रतिमा का विशेष फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। मेले के समापन पर मंदिर कमेटी के पदाधिकारी ने सभी स्वयं सेवी संस्थाओं, भामाशाहों व प्रशासन का आभार प्रकट किया।



# खुले बोरिंग को बंद करवाने व गड्ढे को भरवाने की मांग, नगर परिषद आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** कोटपूतली। बिल्लूराम सैनी) भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल ने खुले बोरिंग को बंद करवाने व गड्डे को भरवाने की मांग को लेकर नगर परिषद आयुक्त नूर मौहम्मद को ज्ञापन सौंपा। बंसल ने बताया कि कस्बे में पुलिस थाने के पीछे लाल कोठी परिसर में अधिक वर्षा के कारण एक अज्ञात बोरिंग के चारों ओर गहरा गड्डा हो गया है। बरसात का पानी व मिट्टी धंसने से स्थिति और अधिक खतरनाक हो गई है। यह बोरिंग किसी उपयोग में भी नहीं है और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों द्वारा कई बार नगर परिषद को अवगत कराने के बावजूद अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ऑपरेशन चेतना के बाद भी प्रशासन की लापरवाही चिंता का विषय है। तत्काल प्रभाव से इस खतरनाक बोरिंग को बंद करवाकर गड्डे को मिट्टी/मलबे से भरवाया जाये, ताकि आमजन को दुर्घटना से बचाया जा सके।

# राधाष्टमी का महोत्सवः भक्ति और कीर्तन से ओतप्रोत वातावरण से हर हृदय भक्ति रस से सराबोर हो उठा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भक्ति और प्रेम की प्रतीक श्री राधा रानी जी का प्राकट्य दिवस राधाष्टमी पूरे भक्त समुदाय के लिए एक विशेष अवसर होता है। इसी पावन अवसर पर रासेश्वरी देवी की ओर से रविवार को राधा अष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। यह भव्य महोत्सव कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान सत्य विहार, विधायक नगर जयपुर में रविवार सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक संपन्न हुआ।

यह अवसर केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं था, बल्कि जगद्गुरु स्वामी कृपालु महाराज की प्रेरणा से आयोजित होने वाला एक ऐसा आध्यात्मिक संगम था जिसमें भक्ति, प्रेम और कीर्तन का अनुपम आनंद मिला। रासेश्वरी देवी जो पूरे भारतवर्ष और विदेश में भी श्री राधाकृष्ण तत्व का प्रचार प्रसार एवं खास कर राजस्थान के अनेकों शहर में अपने प्रवाचनों के माध्यम से लाखों लोगों को भक्तिमार्ग के लिए प्रेरित किया है, आज जयपुर में आयोजित राधाष्टमी महोत्सव में उनकी गरिमामयी उपस्थिति इस महोत्सव को और भी दिव्य बना दिया। इस महोत्सव की मुख्य विशेषताएं यह थी, भक्ति और कीर्तन से ओतप्रोत वातावरण, जिसमें हर हृदय भक्ति रस से सराबोर हो गया। रासेश्वरी देवी का आशीर्वचन, जो श्रद्धालुओं को जीवन में आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान एवं उत्तम जीवन के लिए प्रेरित करेगा। । भक्तजनों ने एक ही छत के नीचे प्रेम, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया ।

राधा अष्टमी के इस आयोजन न केवल श्री राधा रानी जी के दिव्य स्वरूप का स्मरण कराया , बल्कि समाज को प्रेम, भक्ति और सेवा का संदेश भी दिया। श्रद्धालुजन इस अवसर पर सम्मिलित होकर देवीजी के उन उपदेशों से अपने जीवन को और भी पवित्र बना सकते हैं। आज इस आयोजन में बीकानेर, जोधपुर, भीलवाड़ा, उदयपुर, कोटा समेत जयपुर के कई श्रद्धालु सामील हुए। इस कार्यक्रम में पूज्या देवी जी के द्वारा श्री राधा तत्व के ऊपर प्रवचन एवं साधना के पश्चात ठीक 12 बजे राधारानी के प्रकट्य, अभिषेक भोग एवं आरती इत्यादि का कार्यक्रम अत्यंत भव्यता के साथ आयोजित किया गया।

# राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) उपशाखा का वार्षिक चुनाव संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली ( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) उपशाखा कोटपुतली का वार्षिक चुनाव रविवार 31 अगस्त को श्याम मंदिर के पास स्थित संगठन कार्यालय में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ ।चुनाव अधिकारी सुरेश चंद्र यादव ने जानकारी दी कि चुनाव में अमर सिंह गुर्जर को संरक्षक, महेंद्र कुमार यादव को सभा अध्यक्ष, संदीप कुमार जांगिड़ को उपसभा अध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार जांगिड़ को अध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार सैनी को कार्यकारी अध्यक्ष, अभिषेक चतुर्वेदी को उपाध्यक्ष (माध्यमिक शिक्षा), राजकुमार सैनी को मंत्री तथा अनिता बाई मीणा को महिला मंत्री चुना गया ।इसके साथ ही अनूप कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष, अनिल कुमार वैष्णव को सदस्य (तृतीय श्रेणी अध्यापक), मोहनलाल जांगिड़ को सदस्य (सेवानिवृत्त शिक्षक) एवं नरेंद्र कुमार चौधरी को सदस्य (संस्कृत शिक्षा) निर्वाचित किया गया ।सहायक निर्वाचन अधिकारी जयचंद गुर्जर ने संगठन के विधान की जानकारी दी। जिला महासमिति हेतु जयचंद गुर्जर, सुरेश चंद्र यादव, राकेश कुमार अग्रवाल और विक्रम दौचाणिया का चयन किया गया ।अंत में नवनिर्वाचित ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।



## नारेहड़ा में विहिप का 61वां स्थापना दिवस मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** विश्व हिन्दू परिषद् प्रखण्ड द्वारा सरुण्ड शिव मंदिर, नारेहड़ा हनुमान मंदिर, खडब व पुरुषोतमपुरा जगन्नाथ मंदिर में 61वां स्थापना दिवस मनाया गया। प्रखण्ड मंत्री प्रहलाद सैनी ने कहा कि हिन्दू समाज संगठित और सुरक्षित बने इसके लिए परिषद् प्रयासरत है। उन्होंने घटते जन्मदर, धर्मांतरण व लव जिहाद जैसी चुनौतियों से सावधान रहने की बात कही ।इधर, प्रखण्ड अध्यक्ष रामनारायण विजयवर्गीय ने विद्यालयों में सम्पर्क अभियान चलाते हुए विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ धर्म की जानकारी लेने व आत्मरक्षा हेतु व्यायाम करने का आह्वान किया। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई व शिवाजी महाराज के आदर्शों से प्रेरणा लेने को कहा।

# आवासन मण्डल कर्मचारी विकास समिति ने चलाया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राजस्थान आवासन मण्डल कर्मचारी विकास समिति सामुदायिक केंन्द्र सैक्टर -11, प्रताप नगर, जयपुर के अध्यक्ष श्री इन्दर कुमार दानोदिया ने सभी को निर्देशित किया कि सभी सदस्यों के धरों पर जाकर एक पेड मां के नाम लगवाने का निवेदन करें और उसकी देखभाल भी जरूरी है। अत: सभी ने शपथ ग्रहण की मां के नाम का पेड लगाएगें। इस अवसर पर सर्वश्री इन्दर कुमार दानोदिया, बी.एल. पारिक, आदित्य शर्मा, पारसमल तंवर, सुरेश मोयल, निशान्त बूलीवाल, श्याम सुन्दर तंवर, रमेश शर्मा, जी.एल. नायक, प्रताप सोनी, शम्भू शर्मा, के.सी. सिधंल, जवान सिंह गुर्जर, धनश्याम मीणा कुन्दन लाल, बनवारी लाल विजय, आदि मौजूद थे।

# स्वदेशी जागरण मंच जिला जयपुर ग्रामीण की जिला मीटिंग का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत ) ।** रविवार को उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर चोमूं में स्वदेशी जागरण मंच जिला जयपुर ग्रामीण की जिला मीटिंग का आयोजन हुआ। भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर मीटिंग का शुभारंभ किया गया। बैठक में प्रांत विचार विभाग प्रमुख धर्मेंद्र शर्मा पुरुषोत्तम ने स्वदेशी एवं उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत 21 सितंबर तक विद्यालय एवं कॉलेज विद्यार्थियों के बीच होने वाले आगामी कार्यक्रमों की योजना पर विस्तार से चर्चा कर रूपरेखा तैयार की। जिला संयोजक देवदत्त शर्मा ने स्वदेशी का महत्व एवं वर्तमान परिदृश्य में स्वदेशी की आवश्यकता के तहत बताया कि स्वदेशी के माध्यम से किस प्रकार से अधिकाधिक रोजगार एवं देश की आर्थिक उन्नति संभव है । बैठक में कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि देश हित में प्राथमिकता से स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदें इस भाव को जन जन तक पहुंचाना है । कार्यक्रम में दीप मंत्र अशोक कुमार सैनी, मंच परिचय अभिषेक कुमार जांगिड़ व कल्याण मंत्र गोपाल लाल सैनी ने करवाया । मंच संचालन नगर संयोजक मनोज कुमार सांखला ने किया। यह सूचना जिला सहसंयोजक पूनम कुमार शर्मा ने दी।

# चौमूं की तीन महिला खिलाड़ियों ने एक रजत व दो कांस्य पदक जीते

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत ) ।** नगर परिषद क्षेत्र की तीन महिला खिलाड़ियों ने एक रजत व दो कांस्य पदक जीते है। कोच जितेंद्र कुमावत ने बताया की भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय वुशु संघ में अस्मिता वुशु लीग राजीव गांधी स्टेडियम में राजस्थान वुशु संघ एव हनुमानगढ़ वुशु संघ के तत्वाधान में यह प्रतियोगिता 28 से 29 अगस्त 2025 तक आयोजित हुई जिसमें ऑल मार्शल आर्ट एण्ड स्पोर्ट्स एकेडमी चौमूं के चार खिलाड़ियों ने भाग लिया। जयपुर टीम की ओर से अलग-अलग भार वर्ग में एक रजत व दो कांस्य पदक पर कब्ज़ा किया गया। सब जूनियर में अंजलि जाट ने 52 किलो भार वर्ग में रजत पदक व जूनियर में दीपिका यादव ने 48 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक सीनियर में माही सोनी ने 62 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर चौमूं क्षेत्र व अपने परिवार का नाम रोशन किया।

# छात्र रोहिन शर्मा का त्याग रहेगा सालों तक याद, रोहिन का अंगदान बन गया मानवता की अद्भुत मिसाल

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत )।** गोगोरियों की ढाणी, चीथवाड़ी निवासी 19 वर्षीय छात्र रोहिन शर्मा ने जाते-जाते समय ऐसा कर दिखाया जिसे सालों तक याद किया । भले ही रोहिन आज बीच नहीं है लेकिन जाते जाते उन्होंने तीन लोगों को नया जीवन दे गया । 23 अगस्त को सीकर रोड राजावास के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें रोहिन शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें तुरंत जयपुर स्थित सवाई मानसिंह अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने इलाज के प्रयास किए। लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई और अंतत: विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उन्हें ब्रेन-डेथ घोषित कर दिया।



रोहिन की असामयिक दुर्घटना से परिवार और गाँव में शोक की लहर दौड़ गई। इस कठिन समय में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा शनिवार सुबह उनके निवास स्थान पहुँचे। वहाँ उन्होंने परिजनों और ग्रामवासियों के बीच अंगदान के महत्व पर चर्चा की। रामलाल शर्मा ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कैसे एक निर्णय कई परिवारों की ज़िंदगी बदल सकता है। उनके शब्दों से परिजनों नें प्रेरित होकर असहनीय पीड़ा के बीच भी साहस दिखाते हुए अंगदान का ऐतिहासिक निर्णय लिया। रोहिन के दादा खेमचंद शर्मा, पिता अशोक शर्मा और माता मिश्री देवी ने अपने बेटे को खोने के गहरे दु:ख के बीच भी, रोहिन के अंगदान के लिए सहमति दी।

रविवार को जयपुर स्थित सवाई मानसिंह अस्पताल में अंगदान की पूरी प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन एवं चिकित्सकगण मौजूद रहे। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की उपस्थिति में अस्पताल प्रशासन द्वारा परिजनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद रोहिन की पार्थिव देह को पूर्ण सम्मान के साथ परिवारजनों को सौंपा गया।

चिकित्सकों के अनुसार रोहिन की दोनों किडनी व लीवर दान किए गए हैं। इन अंगों से तीन गंभीर रोगियों को नया जीवन मिला है। एक किडनी को अजमेर निवासी चंद्र प्रकाश पिता पन्नालाल बैरवा, उम्र 42 वर्ष तथा दूसरी किडनी को हनुमानगढ़ निवासी प्रेम कँवर पत्नी शोभ सिंह, उम्र 60 वर्ष को ट्रांसप्लांट किया गया है तथा लीवर जयपुर निवासी मनीष झीरीवाल पिता सत्य प्रकाश झीरीवाल, उम्र 47 वर्ष को ट्रांसप्लांट किया गया है

अस्पताल से पार्थिव शरीर को जब उनके पैतृक गाँव चिथवाड़ी स्थित गोगोरियों की ढाणी लाया गया, तो पूरे गाँव में शोक और गर्व का अद्भुत मिश्रण देखने को मिला। हर आँख नम थी, लेकिन दिलों में यह संतोष था कि रोहिन ने अपनी अंतिम सांसों के बाद भी मानवता की सेवा की। गाँव की गलियों में हजारों की संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

## सम्पादकीय

### टैरिफ बनाम टैरिफ फ्री

अमरीका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोपा है, जिसका विरोध चीन, रूस, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया सरीखे देशों ने किया है। निंदा भी की गई है। 'क्वाड' के समझौतों और सिद्धांतों की दुहाई भी दी गई है। एक टैरिफ भारत भी अमरीका पर लगा सकता था, लेकिन मोदी सरकार ने 31 दिसंबर तक कपास को टैरिफ-मुक्त कर दिया है। पहले 11 फीसदी शुल्क की छूट थी, जिसे 30 सितंबर तक बढ़ाया गया था, लेकिन अब कपास के आयात को बिल्कुल फ्री कर दिया गया है। यह कौनसा मोदीवाद है या सरकार की कैसी रणनीति है? एक गाल पर थप्पड़ खाया और दूसरा गाल भी आगे बढ़ा दिया! इसकी वजह से अक्तूबर में शुरू होने वाले मार्केटिंग ईयर 2025-26 के पहले तीन महीनों के दौरान कपास का आयात दोगुना होकर 20 लाख गांठ से अधिक हो सकता है। एक गांठ में लगभग 170 किग्रा कपास होती है। भारतीय किसान क्या करेगा? क्या पकौड़े तलेगा? दलील यह दी जा रही है कि यह फैसला वस्त्र उद्योग के निर्यातकों की मदद और उनके समर्थन के मद्देनजर लिया गया है, लेकिन भारत में कपास पैदा करने वाले करीब 60 लाख किसानों का क्या होगा? उन्हें तो टैरिफ का यह खेल फिलहाल समझ नहीं आया होगा, लेकिन बाजार में जब उनकी फसल 1000-1200 रुपए प्रति क्विंटल कम दाम पर बेचनी पड़ेगी, तब किसानों की सामूहिक प्रतिक्रियाएं सामने आएंगी। कपास की अंतरराष्ट्रीय कीमतें घरेलू कीमतों की तुलना में करीब 20 फीसदी कम हैं। आईसीई कॉटन वायदा 67-68 सेंट (करीब 9 रुपए) प्रति पाउंड के करीब है। करीब 356 किग्रा की कैंडी की कीमत करीब 46,000 रुपए है, जबकि घरेलू कीमतें 55,000 रुपए के आसपास हैं। हमारा फोकस अमरीका पर है, हालांकि ब्राजील, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया सरीखे देशों से भी सस्ती कपास आयात की जाती है। सवाल प्रधानमंत्री मोदी के लाल किले की प्राचीर से किए गए वायदे का है। उन्होंने कहा था कि जो किसानों, पशुपालकों, डेयरीवालों आदि के हितों से खेलना चाहेगा, तो मोदी दीवार बनकर बीच में खड़ा रहेगा। क्या वह दीवार इतनी जल्दी ढह गई है? अथवा अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफवाद ने हमारे प्रधानमंत्री को समझौतापरस्त होने को बाध्य कर दिया है? क्या आने वाले दिनों में अमरीका भारत की कृषि, पशुपालन, डेयरी उत्पादों के क्षेत्रों में भी प्रवेश करने की अनुमति प्राप्त कर लेगा? अमरीका में मात्र 2 फीसदी से भी कम लोग कृषि पर आश्रित हैं। अमरीका में मकई, सोयाबीन बहुत होते हैं। अमरीकी सरकार किसानों को 65 लाख रुपए से अधिक की सबसिडी देती है। भारत में 46 फीसदी लोग कृषि से जुड़े हैं, लिहाजा उसी पर आश्रित हैं। अधिकतर किसान गरीब और कर्जदार हैं। कर्जमाफी भी की जाती रही है, लेकिन फिर भी किसान कर्जदार हैं। हकीकत क्या है, हम नहीं जानते। कपास से जुड़े किसान घरेलू मांग की पूर्ति करने में ही असमर्थ हैं। उन्हें कपास का बेहतर एमएसपी भी नहीं मिलता।

# जलवायु का अलार्म: अब नहीं तो कभी नहीं!



**डॉ नयन प्रकाश गांधी**

**जलवायु परिवर्तन का असर सिर्फ पर्यावरण पर नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी गहरा है; वर्ष 2000 से 2021 के बीच गर्मी के कारण होने वाली मौतों की संख्या में 55प्रतिशत का इजाफा दर्ज हुआ है। तापमान बढ़ने से मलेरिया, डेंगू जैसी वेक्टर जनित बीमारियाँ भी तेजी से फैल रही हैं। ऊर्जा क्षेत्र में भी चुनौतियाँ बढ़ी हैं । देश में बिजली उत्पादन का 70% हिस्सा अभी भी कोयले पर निर्भर है, जबकि भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता जोड़ने का लक्ष्य रखा है। हाल ही में सरकार ने 2032 तक 80 गीगावाट नई कोयला क्षमता जोड़ने की योजना बनाई है, कोयले के समापन की कोई ठोस समयसीमा तय नहीं है। भारत के शीर्ष दस प्रदूषित शहरों में छह शामिल हैं, जो सतत शहर नियोजन और स्वच्छ ऊर्जा रणनीति की आवश्यकता दर्शाता है।**

युवा डेवलपमेंट पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि जलवायु परिवर्तन भारत के आर्थिक, सामाजिक और पारिस्थितिक ताने-बाने को गहराई से प्रभावित कर रहा है। आर्थिक क्षति, जल संकट, फसल उत्पादन में गिरावट, जनस्वास्थ्य और जैव विविधता पर संकट इन चुनौतियों के बीच नीतिगत सुधार, समाज की भागीदारी, तकनीकी नवाचार और सशक्त नेतृत्व ही भारत को स्थायी और सुरक्षित भविष्य की ओर ले जा सकते हैं।

जलवायु परिवर्तन आज भारत के समक्ष एक घातक संकट के रूप में उभरा है। विज्ञान और आँकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में जलवायु आपदाओं से भारत को लगभग 80 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हो चुका है और वर्ष 2100 तक देश को अपने सकल घरेलू उत्पाद का 3 से 10 प्रतिशत वार्षिक नुकसान हो सकता है। हीट वेव, बाढ़ और सूखे जैसी चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति और तीव्रता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक मुंबई, दिल्ली और चेन्नई जैसे महानगरों में हीट वेव के दिनों की संख्या दोगुनी हो जाएगी, जिससे जन स्वास्थ्य, कृषि और ऊर्जा तंत्र गंभीर संकट में पड़ सकते हैं। मुंबई का 22प्रतिशत क्षेत्र 2100 तक जलमग्न होने का खतरा है, तथा सुंदरबन के मैंग्रोव वन अपने 80त्न हिस्से को खो सकते हैं; पश्चिम बंगाल के सुंदरबन में पिछले दो दशकों में 110 वर्ग किलोमीटर मैंग्रोव का ह्रास हुआ। 2024 तक भारत में प्रति व्यक्ति पानी की वार्षिक उपलब्धता में 73प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है और आज 60 करोड़ से अधिक लोग उच्च से चरम जल संकट का सामना कर रहे हैं। यदि 2050 तक जलवायु के अनुकूलन उपाय नहीं अपनाए गए, तो बारिश पर निर्भर चावल की पैदावार में 20त्न और गेहूँ की पैदावार में 1प्रतिशत तक कमी आ सकती है, वही खरीफ मक्का की पैदावार में 18 से 23त्न तक गिरावट अनुमानित है।

जलवायु परिवर्तन का असर सिर्फ पर्यावरण पर नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर भी गहरा है; वर्ष 2000 से 2021 के बीच गर्मी के कारण होने वाली मौतों की संख्या में 55प्रतिशत का इजाफा दर्ज हुआ है। तापमान बढ़ने से मलेरिया, डेंगू जैसी वेक्टर जनित बीमारियाँ भी तेजी से फैल रही हैं। ऊर्जा क्षेत्र में भी चुनौतियाँ बढ़ी हैं । देश में बिजली उत्पादन का 70त्न हिस्सा अभी भी कोयले पर निर्भर है, जबकि भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता जोड़ने का लक्ष्य रखा है। हाल ही में सरकार ने 2032 तक 80 गीगावाट नई कोयला क्षमता जोड़ने की योजना बनाई है, कोयले के समापन की कोई ठोस समयसीमा तय नहीं है। भारत के शीर्ष दस प्रदूषित शहरों में छह शामिल हैं, जो सतत शहर नियोजन और स्वच्छ ऊर्जा रणनीति की आवश्यकता दर्शाता है। सरकार ने 8 प्रमुख नेशनल मिशन के साथ जलवायु परिवर्तन कार्ययोजना चलाई, जिसमें हरित भारत, सौर मिशन, हिमालयी पारिस्थितिकी, जल संरक्षण जैसे पहल शामिल हैं। वर्ष 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने और 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 33-35प्रतिशत की कटौती का वादा किया है, साथ ही 5 करोड़ हेक्टेयर में वन क्षेत्र वृद्धि पर ध्यान दिया है। सकारात्मकता की ओर, देश में ग्रीन बॉण्ड, जलवायु बीमा, GIS आधारित जोखिम मानचित्रण, स्मार्ट सिटी मिशन, कृषि पारिस्थितिक गलियारे, जलभृत पुनर्भरण जैसी पहल शुरू हुई हैं। जल शिक्षा एवं जागरूकता जन आंदोलन बना है, हजारों स्कूलों में जलवायु शिक्षा जोड़ दी गई है और युवा सौर मरम्मत, जल संचयन, जैवविविधता निगरानी में प्रशिक्षित हो रहे हैं। ग्रामीण स्तर पर महिला नेतृत्व और स्थानीय शासन के माध्यम से सामुदायिक ऊर्जा, शहरी हरित-नीली अवसंरचना विस्तारित हो रही है, जिससे जलवायु-स्मार्ट भारत का सपना साकार किया जा सकता है। देश के प्रख्यात युवा डेवलपमेंट पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट, एलुमनाई अंतराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान मुंबई विश्विद्यालय, डॉ नयन प्रकाश गांधी के अनुसार आज भारत जैसे देश में क्लाइमेट चेंज ,रिन्यूएबल एनर्जी आदि में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण संस्थानों ,विश्वविद्यालय की आवश्यकता है ताकि नए युवा इस क्षेत्र में आगे आकर इसके प्रति जागरूकता प्रसारित कर सके और भारत जैसे विविध जलवायु वाले सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में जलवायु परिवर्तन पर एक्सपर्ट साइंटिस्ट कार्य कर सके ।एनआईडीएम की तर्ज पर नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट प्रबंधन , एनर्जी कंजरवेशन आदि की आवश्यकता है। भारत के सभी हिस्सों में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियाँ अलग अलग हैं; इसलिए स्थानीय नवाचार से लेकर नीतिनिर्धारण तक सामूहिक सहभागिता ज़रूरी है। गाँवों में जल, वन, भूमि संरक्षण के साथ महिलाओं की भागीदारी जलवायु अनुकूलन की कुंजी बन रही है। इसका दायरा ग्रामीण से शहरी भारत तक फैला है, और हर स्तर पर अंतरविभागीय संवाद जरूरी है।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही के स्वतंत्रता दिवस संबोधन सहित विभिन्न मंचों पर जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा को लेकर भारत के संकल्प और लक्ष्यों को रेखांकित किया। मोदी जी ने कहा, हमने जो लक्ष्य 2030 के लिए रखा था, वह 50 प्रतिशत क्लीन एनर्जी का लक्ष्य 2025 में ही प्राप्त कर लिया, क्योंकि प्रकृति के प्रति हम जिम्मेदार लोग हैं। अब पेट्रोल, डीजल, गैस जैसी ऊर्जा की निर्भरता घटाकर उस धन को युवाओं के विकास में निवेश करेंगे। उन्होंने COPw6 शिखर सम्मेलन व अन्य अवसरों पर पंचामृत मंत्र की सौगात दी, जिसमें 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता, 50त्न रिन्यूएबल एनर्जी, कुल प्रोजेक्टेड कार्बन एमिशन में 1 अरब टन की कटौती, अर्थव्यवस्था की कार्बन इंटेन्सिटी को 45त्न से कम करने तथा वर्ष 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य शामिल है। उन्होंने भारत को जलवायु न्याय का अग्रदूत बताया, ऊर्जा ट्रांजिशन के लिए लोक सहभागिता, जैव ईंधन, एथनॉल मिश्रण, हरित शहरों एवं स्वच्छ परिवहन को प्राथमिकता दी। भारत एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड के आदर्श को साकार करने में जुटा है।जलवायु संकट को समझना, आंकड़ों और तथ्यों को गंभीरता से लेना, एवं सतत विकास के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाना आज न केवल एक आवश्यकता है, बल्कि देश के वर्तमान और भविष्य की रक्षा के लिए रणनीतिक अनिवार्यता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारी आने वाली पीढ़ियाँ भी प्राकृतिक संपदाओं और सुरक्षित जीवन का आनंद उठा सकें।



# क्या लोकतंत्र में मिलॉर्ड्स के निर्णयों की आलोचना नहीं की जानी चाहिए?



**रामस्वरूप रावतसरे**

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 अगस्त 2025 को कोच्चि में एक न्यूज़ चैनल के कार्यर म में पहुँचे थे। वहाँ उन्होंने कॉन्ग्रेस पर वामपंथी दबाव में झुककर जस्टिस रेड्डी को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाने का आरोप लगाया। शाह ने इस फैसले को रेड्डी के उस अतीत से जोड़ा, जब उन्होंने जस्टिस एसएस निज्जर के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ में माओवादियों के खिलाफ तैनात सलवा जुडूम को भंग किया था। अमित शाह के अनुसार विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी वही शख्स हैं, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद और नक्सलवाद के समर्थन में सलवा जुडूम का फैसला दिया। अगर ऐसा नहीं हुआ होता, तो 2020 तक वामपंथी उग्रवाद खत्म हो गया होता।**

गृहमंत्री अमित शाह ने इंडी गठबंधन की ओर से उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार जस्टिस (रि) बी सुदर्शन रेड्डी को लेकर 22 अगस्त को टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी को लेकर कई पूर्व जजों और कार्यकर्ताओं की टोली जस्टिस (रि) बी सुदर्शन रेड्डी के बचाव में उतर आई थी। हालाँकि अब कुछ रिटायर्ड जजों के एक ग्रुप ने 26 अगस्त 2025 को चिट्ठी लिखकर साफकर दिया है कि अमित शाह को निशाने पर लेने और रेड्डी के समर्थन में उतरने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अमित शाह के बयान से न्यायपालिका खतरे में पड़ने नहीं जा रही। पत्र में इन पूर्व जजों ने अपने साथियों को याद दिलाया कि जैसे ही कोई जज चुनावी मैदान में उतरता है, उसकी आलोचना होना स्वाभाविक है। इस जवाबी पत्र ने एक बड़ा सवाल उठाया कि आखिर मिलॉर्ड्स लोकतंत्र में आलोचना से ऊपर क्यों रहना चाहते हैं?

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 अगस्त 2025 को कोच्चि में एक न्यूज़ चैनल के कार्यक्रम में पहुँचे थे। वहाँ उन्होंने कॉन्ग्रेस पर वामपंथी दबाव में झुककर जस्टिस रेड्डी को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाने का आरोप लगाया। शाह ने इस फैसले को रेड्डी के उस अतीत से जोड़ा, जब उन्होंने जस्टिस एसएस निज्जर के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ में माओवादियों के खिलाफ तैनात सलवा जुडूम को भंग किया था। अमित शाह के अनुसार विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी वही शख्स हैं, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद और नक्सलवाद के समर्थन में सलवा जुडूम का फैसला दिया। अगर ऐसा नहीं हुआ होता, तो 2020 तक वामपंथी उग्रवाद खत्म हो गया होता। उन्होंने केरल के लोगों को याद दिलाया कि उनका राज्य भी नक्सलवाद और उग्रवाद का दंश झेल चुका है। शाह ने तर्क दिया कि कॉन्ग्रेस ने अपने वामपंथी सहयोगियों के दबाव में ऐसे व्यक्ति को ऊँचा पद दिया, जिससे उसका असली वैचारिक झुकाव ज़ाहिर होता है। शाह का हमला न्यायपालिका के खिलाफ कोई आम नहीं था। यह एक प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार के रिकॉर्ड पर सटीक राजनीतिक आलोचना थी, जो लोकतांत्रिक चुनावों में बिल्कुल सामान्य है। जानकारों के अनुसार आलोचना से जजों और कार्यकर्ताओं के समूह को इतनी चोट क्यों लगी, इसे समझने के लिए 2011 के सलवा जुडूम फैसले को जानना



ज़रूरी है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस रेड्डी और निज्जर की बेंच ने छत्तीसगढ़ सरकार की उस नीति को रद्द कर दिया, जिसमें आदिवासी युवाओं को विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) बनाकर माओवादियों से लड़ने के लिए हथियार दिए गए थे। नंदिनी सुंदर और अन्य वामपंथियों ने राज्य सरकार के इस फैसले के खिलाफ याचिका दायर की थी। कोर्ट ने याचिका पर कार्रवाई की और सरकार को आदेश दिया कि वह इस बल को भंग करे, सभी हथियार वापस ले और युवाओं को माओवादी जवाबी हमलों से बचाए। फैसले में यह भी कहा गया कि सलवा जुडूम या कोया कमांडो कहलाने वालों द्वारा किए गए मानवाधिकार उल्लंघन और अपराधों की जाँच हो।

बेंच ने साफ किया कि कोई भी समूह कानून को अपने हाथ में नहीं ले सकता या संविधान से बाहर काम नहीं कर सकता। बेंच ने कहा था, किसी बल की प्रभावशीलता यह तय करने का एकमात्र आधार नहीं हो सकती कि वह संवैधानिक रूप से जायज़ है। उसने जोड़ा कि भले ही एसपीओ माओवादियों से लड़ने में कुछ हद तक प्रभावी थे, लेकिन इन 'संदिग्ध फायदों' की कीमत संवैधानिक उल्लंघनों और सामाजिक व्यवस्था को भारी नुकसान के रूप में चुकानी पड़ी। यह फैसला राज्य सरकार और केंद्र के लिए बड़ा झटका था, क्योंकि तमाम खामियों के बावजूद सलवा जुडूम माओवादियों के गढ़ में उनका मुकाबला करने का एकमात्र तरीका था। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप ने सुरक्षा बलों को कमज़ोर कर दिया। शाह के अनुसार ''अगर न्यायपालिका ने दखल न दिया होता, तो नक्सलवाद के खिलाफ जंग 2020 तक खत्म हो सकती थी।'' जानकारी के अनुसार शाह के बयान के दो दिन बाद 24 अगस्त को कुछ रिटायर्ड जजों और कार्यकर्ताओं ने एक पत्र जारी कर शाह पर हमला बोला। उन्होंने शाह पर फैसले को 'गलत तरीके से पेश करने' का आरोप लगाया और ज़ोर देकर कहा कि उस फैसले ने कभी नक्सलवाद का समर्थन नहीं किया। उन्होंने नसीहत दी कि ऊँचे पदों के लिए प्रचार गरिमा के साथ और विचारधारा पर सवाल उठाए बिना करना चाहिए। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जैसे मदन लोकुर, जे. चेलमेश्वर, कुरियन जोसेफ, अभय ओका और एके पटनायक साथ ही हाई कोर्ट के पूर्व जज और कार्यकर्ता जैसे संजय हेगड़े और मोहन गोपाल शामिल थे। पत्र का लहजा काफी कड़ा था, कि एक नेता की हिम्मत कैसे हुई कि वो मिलॉर्ड के फैसले पर बयान दे दे। उन्होंने चेतावनी दी कि शाह के शब्दों से न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर 'ठंडा असर' पड़ सकता है। दूसरे शब्दों में मिलॉर्ड्स ने आलोचना से छूट माँगी, भले ही उनका एक साथी राजनीति के गंदे खेल में उतर चुका हो।

जानकारों की माने तो जवाबी प्रतिक्रिया में उतरे जज, जो सच देखते हैं उनका जवाब जल्दी आया। रेड्डी के बचाव में उतरे जजों के काम से नाखुश कुछ और रिटायर्ड जज मैदान में उतरे और अपना बयान जारी किया। उन्होंने कुछ रिटायर्ड जजों की उस आदत को उजागर किया, जिसमें वे न्यायपालिका की स्वतंत्रता की आड़ में पक्षपात छिपाते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जैसे ही जस्टिस रेड्डी ने उपराष्ट्रपति का चुनाव लड़ने का फैसला किया, वे राजनीति में उतर गए और उन्हें अपने रिकॉर्ड का बचाव करना होगा, जैसे बाकी उम्मीदवार करते हैं। यह जवाबी बयान इसलिए अहम है, क्योंकि इसने यह धारणा तोड़ दी कि शाह की आलोचना न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर हमला है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



**ओम प्रकाश मीणा**
**एसएचओ नारायणपुर**

नमस्कार दोस्तों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के शानदार सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश मीणा जो इस समय नारायणपुर थाना अधिकारी पद को सुशोभित कर रहे हैं। 5 जुलाई सन 1981 को जयपुर जिले के गांव सवाई जयसिंहपुरा में इनका जन्म हुआ पांचवी तक चौमू के पास एक गांव में अपने मामा के पास रहकर पढ़ाई की। पांचवी से दसवीं तक गांव से 3 किलोमीटर दूर देवगांव में पढ़ाई की जहां पैदल जाते थे। उसके बाद 12वीं तक बस्ती में पढ़ाई करी जो अपने गांव से लगभग 10 किलोमीटर दूर था इसके बाद जयपुर अग्रवाल कॉलेज से बीए किया और सबसे प्रथम नौकरी उनकी 2004 में त्रिवेंद्रम में रेलवे में लगी लेकिन रेलवे की नौकरी रास नहीं आई और सन 2006 में अजमेर से पुलिस कांस्टेबल के रूप में पुलिस बेड़े में शामिल हो गए । साढ़े आठ साल कांस्टेबल की नौकरी कर पुलिस का इकबाल बुलंद करते रहे और साथ ही पढाई भी करते रहे एम ए की राजनैतिक विज्ञान से।2011 में आरपीएससी से सब इंस्पेक्टर के एग्जाम दिए और 9 मार्च 2015 को सब इंस्पेक्टर बन गए। प्रोफेशनल पीरियड इनका अजमेर ही रहा 16 से 21 तक अजमेर पुलिस में सेवाएं दी किशनगढ़ थाने में सेकंड ऑफिसर के रूप में अराई थाने में थाना अधिकारी उसके बाद आर आई(संचित निरीक्षक) लगे किशनगढ़ पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में, सन 2022 में अजमेर से अलवर आए म और रेणी थाना अधिकारी रहे, कठूमर थाना अधिकारी रहे इसके बाद ट्रैफिक पुलिस की कमान संभाली और यातायात पुलिस थाने के प्रभारी रहे। उसके बाद अकबरपुर थाना अधिकारी रहे और हाल में नारायणपुर थाना अधिकारी के रूप में पद स्थापित है । गरीब लोगों की,असहाय लोगों की व पीड़ित लोगों की सेवा में हमेशा खड़े रहते हैं और पुलिस के स्लोगन आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय को परिपूर्ण कर रहे हैं । बहुत शानदार पुलिस अधिकारी हैं दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य व जल्दी ही कांधे पर तीन स्टार नजर आने की कामना करती है।- **रूपक शर्मा**

# विदिशा का ऐतिहासिक राधारानी मंदिर

विदिशा एक ऐसी प्राचीन नगरी है जिसका वर्णन अनेक प्राचीन ग्रंथों मे मिलता है। रघुकुलनन्दन शत्रुघ्न के पुत्र शत्रुघाती की राजधानी रहे इस नगर से गौतम बुद्ध के पुत्र व पुत्री महेन्द्र एवं संघमित्रा का भी संबंध रहा है। सम्राट अशोक की ससुराल के रूप में भी इस नगर की संपूर्ण विश्व में ख्याति रही है। इस नगरी में बहुत कुछ ऐसा है जो इतिहास के पन्नों में दर्ज है। यदि इतिहास के पन्नों को पलटे तो यहाँ कई ऐसी अनोखी और अनसुलझी कहानियाँ मिलती है जो केवल विदिशावासियों को ही नहीं बल्कि संपूर्ण देशवासि?यों को भावुक कर देती है। ऐसी ही एक मार्मिक दास्तान का साक्षी है विदिशा का राधारानी मंदिर, जिसके पट वर्ष में सिर्फ एक बार खुलते हैं। आज यह मंदिर विदिशा शहर के बीचों बीच है। विदिशा नगर के नंदवाना मोहल्ले में संकरी गलियों के बीच राधारानी सरकार के इस मंदिर के दरवाजे केवल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी यानि राधाअष्टमी के दिन ही खुलते है। इस दिन यहाँ राधारानी सरकार की संपूर्ण वैष्णव विधि विधान के अनुसार सेवा एवं पूजा अर्चना की जाती है। रात्रि में शयन आरती के बाद से भक्त जनों के लिए मंदिर के पट बंद कर दिए जाते हैं। फिर अगले वर्ष राधाष्टमी तक केवल पुजारी परिवार ही गुप्त रूप से राधारानी की सेवा करता है और उसके लिए भी मुख्य दरवाजे से नहीं बल्कि बगल में बने दरवाजे से प्रवेश किया जाता है। राधारानी के विदिशा आने की कहानी भी बड़ी ही मार्मिक है। कहा जाता है कि मुगल शासक औरंगजेब ने 9 अप्रैल 1669 को एक फरमान जारी किया था। बादशाह के इस आदेश पर मथुरा और गोकुल सहित कई स्थानों पर मंदिरों पर आक्रमण करके उन्हें तोड़ा गया। गोकुल में यमुना नदी के किनारे पर स्थित राधा रंगी राय मंदिर पर सात बार हमले किए गए । तब पुजारी परिवार एक टोकरी में राधारानी के विग्रह को लेकर वहाँ से निकल लिए। वे अपने साथ वहाँ से जितनी प्रतिमाएं ला सकते थे उतनी और साथ में ले चले । यह परिवार वर्षों तक राधारानी को साथ लिए यहां वहाँ विचरता रहा। वर्षों तक जंगलों में घूमने के बाद लगभग 20 वर्ष बाद उन्होने विदिशा के किले और लोहांगी की पहाड़ियों के बीच घने जंगल में डेरा डाला। उस समय किले के अंदर बस्ती बसी हुई थी,जहां अनेक मुस्लिम परिवार रहते थे। इस कारण पुजारी परिवार ने यहाँ गुप्त रूप से राधारानी की पूजा अर्चना, सेवा, उपासना करने का निर्णय लिया ।

# क्या भ्रष्टाचार तकनीक से कम होगा, या नैतिक शिक्षा से?

**अशोक भाटिया**

क्या भ्रष्टाचार तकनीक से कम होगा, या नैतिक शिक्षा से? इस तरह के प्रश्न पर अक्सर विचारकों के बीच चर्चा की जाती है एक अच्छे विचार को बनाए रखने या समाज के नैतिक मानक को बढ़ाने का विचार आदर्शवाद के शीर्ष पर है, और यह भ्रष्टाचार या समाज के नैतिक पतन को रोकने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है; लेकिन सबसे अधिक समय लेने वाला तरीका तकनीकी सुधारों के माध्यम से है, जो खामियों को बंद कर सकता है और भ्रष्टाचार को रोक सकता है- भ्रष्टाचार से जुड़े कानून नैतिक विचारों पर केंद्रित रहे हैं, जब से समाज ने भ्रष्ट आचरण पर अंकुश लगाने का पहला प्रयास किया। भ्रष्टाचार निषेध कानून लिखे जाने के समय, विधायकों ने निस्संदेह इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि नैतिक या नैतिक रूप से क्या गलत है, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि किस प्रकार का आचरण भ्रष्टाचार है। इस लेख में, मैं भ्रष्टाचार के संबंध में नैतिकता की जाँच करता हूँ और उन परिस्थितियों का वर्णन करने का प्रयास करता हूँ जिनमें भ्रष्टाचार को नैतिक माना जाएगा। दोनों शब्दों को परिभाषित करने और कांटीय नैतिकता की जाँच करने के बाद, मैं यह निर्धारित करता हूँ कि भ्रष्टाचार नैतिक रूप से स्वीकार्य है या नहीं, यह इस धारणा पर निर्भर करता है कि कोई व्यक्ति कर्तव्य से प्रेरित होकर कार्य करता है, न कि आत्म-संतुष्टि की ओर झुकाव से। फिर मैं भ्रष्टाचार के सकारात्मक और नकारात्मक परिणामों की जाँच करता हूँ, भ्रष्टाचार से निपटने के लिए विभिन्न रणनीतियों को परिभाषित करता हूँ, और फिर भ्रष्ट आचरण को कम करने के एक प्रभावी उपाय के रूप में एकीकृत सामाजिक अनुबंध सिद्धांत का समर्थन होना आवश्यक है । उपरोक्त प्रश्न पर विचार करते हुए, सबसे पहले भ्रष्टाचार और नैतिक रूप से स्वीकार्य शब्दों को परिभाषित करना आवश्यक है। हालाँकि दोनों शब्दों को परिभाषित करना एक कठिन कार्य है, लेकिन यह निर्धारित करना भी चुनौतीपूर्ण है कि क्या भ्रष्टाचार को नैतिक कहकर उचित ठहराया जा सकता है। हालाँकि नैतिक भ्रष्टाचार कई लोगों के लिए एक विरोधाभास हो सकता है, यह लेख उन परिस्थितियों की जाँच करके और उन परिस्थितियों में किए गए कार्यों को नैतिक रूप से स्वीकार्य या नैतिक रूप से उचित ठहराकर इन दोनों शब्दों को सुधारने का प्रयास करता है। भ्रष्टाचार शब्द अस्पष्ट है और इसे परिभाषित करना आसान नहीं है। भ्रष्टाचार के अलग-अलग अर्थ हो सकते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि वह कृत्य सार्वजनिक या निजी क्षेत्र में होता है (एरास, 2003)। भ्रष्टाचार को गबन, धोखाधड़ी, रिश्वतखोरी, राजद्रोह या हितों के टकराव को बढ़ावा देने वाले कृत्यों के रूप में समझा जा सकता है (एवरेट, न्यू, रहमान, 2006)। इस अस्पष्ट शब्द में विभिन्न प्रकार के भ्रष्टाचार शामिल हो सकते हैं, जिनमें राजनीतिक भ्रष्टाचार, व्यापक भ्रष्टाचार, उत्पादक भ्रष्टाचार और क्षुद्र भ्रष्टाचार आदि शामिल हैं (एवरेट एट अल., 2006)। इस शब्द को परिभाषित करने का प्रयास करने वाले अन्य लेखकों ने लगभग साठ विभिन्न कार्यों को शामिल किया है जो आज की हमारी सोच के अनुसार भ्रष्टाचार का गठन करते हैं (एवरेट एट अल., 2006)। इस शोध पत्र के प्रयोजनों के लिए, भ्रष्टाचार कोई भी ऐसा कार्य होगा जिसे इस विश्वास के कारण अवैध माना जाता है कि यह एक पक्ष को दूसरे पर अनुचित लाभ पहुँचाता है। उदाहरण के लिए, धोखाधड़ी या गबन को भ्रष्ट माना जा सकता है क्योंकि यह धोखाधड़ी करने वाले पक्ष को गैर-धोखाधड़ी करने वाले पक्ष पर व्यक्तिगत लाभ प्रदान करता है। नैतिक रूप से स्वीकार्य या नैतिक शब्द को परिभाषित करना उतना ही कठिन हो सकता है। एक नैतिक कार्य वह होता है जिसे आमतौर पर एक ऐसा कार्य माना जाता है जिसे समाज ने गलत नहीं माना है। मेरियम-वेबस्टर के अनुसार, नैतिकता अच्छे और बुरे के बीच का अनुशासन है... । नैतिकता को अक्सर नैतिकता के अध्ययन के रूप में संदर्भित किया जाता है - जिसे समाज सही या उचित व्यवहार मानता है; इसलिए, जिसे समाज नैतिक मानता है उसे भी नैतिक माना जा सकता है। लेकिन इस शोधपत्र का केंद्र और उद्देश्य स्पष्ट नैतिक संहिताओं के आधार पर नैतिक व्यवहार को परिभाषित करना नहीं है; यह निर्धारित करने के लिए कि कोई चीज़ नैतिक है या नहीं, हमें उन दर्शनों व तरीकों को देखना होगा जो अच्छे या बुरे व्यवहार को निर्धारित करते हैं।

पहला तरीका भ्रष्टाचार और व्यक्ति को जड़ से खत्म करना है; वैकल्पिक रूप से, समाज सदाचारी बन जाता है। यह एक सकारात्मक सक्रिय तरीका है। इसे दूसरे तरीके से भी हासिल किया जाता है। लेकिन यह नकारात्मक तरीके से है। अर्थात्, भ्रष्टाचार को रोका जाता है क्योंकि इसे करना असंभव है या आसानी से उजागर किया जा सकता है। यह बेकार है। तकनीकी प्रगति को उलटकर भ्रष्ट मार्ग पर चलने के प्रयास जारी हैं। कभी-कभी यह सफल होता है। कभी नहीं। भ्रष्टाचार की मूल प्रवृत्ति बनी हुई है। यदि संस्कार या ज्ञान के माध्यम से भ्रष्टाचार को मिटाना है, तो इसके लिए समाज की सामान्य सहमति की आवश्यकता होती है।

# वोट चोरी अब राष्ट्रीय मुद्दा बना,कांग्रेस चलाएगी जनजागरण-पायलट

## पायलट ने अपने विधानसभा के कार्यकर्ताओं को किया सावचेत,बीजेपी यहां भी नाम हटा सकती है वोटरों के

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा है कि भाजपा की वोट चोरी अब सिर्फ बिहार का ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वोट चोरी के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाएगी। पायलट ने टोंक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सावचेत किया कि राजस्थान में वोट चोरी हो सकती है इसके लिए कार्यकर्ता एक एक वोट का महत्व समझते हुए मतदाता सूची में एक एक नाम जुड़वाने के लिए इस काम में जुटे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत अपने टोंक विधानसभा क्षेत्र में जिला कांग्रेस कार्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम में बोलते हुए हुए राहुल गांधी की बिहार में निकाली उसने वाली अधिकार यात्रा का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक एक वोट की कीमत है साथ ही एक व्यक्ति एक वोट का संविधान ने अधिकार दिया है लेकिन बीजेपी उसको भी छीनना चाहती है।उन्होंने भाजपा की गठबंधन सरकार को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि केंद्र की पिछली कांग्रेस की सरकारों की योजनाओं को खत्म करने की कोशिश में लगी है ,पायलट ने मनरेगा का उदाहरण देते हुए कहा कि इसको कानूनी रूप देकर के प्रत्येक व्यक्ति को 100दिवस रोजगार दिए जाने की गारंटी दी थी लेकिन अब इस कानून से छेड़छाड़ की जा रही है। लोगों को रोजगार नहीं मिल पा रहा इतना ही नहीं बढ़ती महंगाई तथा बेरोजगारी के कारण लोगों को पलायन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करके संवैधानिक संस्थाओं को अपने हाथ में लेना चाहती है जिसके लिए नए नए कानून तथा कानूनों में बदलाव कर रही है।



टोंक विधायक सचिन पायलट ने निर्वाचन आयोग के आयुक्त की नियुक्ति में किए गए बदलाव में चीफ जस्टिस को हटाए जाने के मामले में भी सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्र की भाजपानीत गठबंधन सरकार निर्वाचन विभाग की निष्पक्षता को खत्म किए जाने का काम किया है। उन्होंने राजनीति में स्वच्छ छवि वाले व्यक्तियों के आने का समर्थन तो किया लेकिन हाल ही में केंद्र सरकार की तरफ से लाए गए विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि यह राजनीतिक हितों को साधने के लिए लाया गया है।उन्होंने कहा कि ताकि विपक्षी दलों के नेताओं पर दबाव बना करके अपने हित साध सकें।

पायलट ने नायडू तथा नीतीश कुमार का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा यही चाहती है कि राज्यों में इस कानून के जरिए अपनी सरकारें बना सकें।हाल ही में बिहार में अशोभनीय भाषा के प्रयोग संबंधी सवाल के जवाब में पायलट ने कहा कि कोई भी हो उसको अपनी भाषा शैली पर नियंत्रण रखना चाहिए। पायलट ने पटना कांग्रेस मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह हिंसा बर्दाश्त नहीं है।

हाल ही में एसआई की भर्ती मामले में राज्य की बीजेपी सरकार को कोसते हुए पायलट ने कहा कि पौने दो साल में इस मामले में कुछ नहीं किया।चुनाव के समय में जनता से बीजेपी ने बड़े बड़े वायदे किए लेकिन वह आज तक पूरे नहीं हो पाए। उन्होंने अपनी अजमेर से जयपुर तक की गई यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि जिन लोगों ने नौजवानों के साथ धोखा किया है उनके खिलाफ कार्यवाही हो।इतना ही नहीं आरपीएससी में जो कमियां हैं उनको दूर किया जाएं ताकि युवाओं के साथ धोखा नहीं हो साथ ही परीक्षाओं में भ्रष्टाचार नहीं हो।उन्होंने कहा कि यूपीएससी की तर्ज से आरपीएससी का गठन हो ।हाल ही में कोर्ट द्वारा एसआई भर्ती को रद्द किए जाने के निर्णय राज्य की बीजेपी सरकार के लिए करारा तमाचा बताते हुए कहा कि इससे कई ईमानदार बड़ी मेहनत से पास हुए नौजवानों के साथ गलत भी हुआ है।

# राजकीय सआदत अस्पताल की वाहन पार्किंग अब नि:शुल्क

बढ़ता राजस्थान

**टोंक( का.स. )।** राजकीय सआदत एवं जनाना अस्पताल टोंक में वाहन पार्किंग की अब कोई शुल्क वसूल नहीं की जाएगी। राजकीय सआदत अस्पताल टोंक के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.हनुमान प्रसाद बैरवा ने बताया कि 31अगस्त से राजकीय सआदत अस्पताल एवं जनाना अस्पताल टोंक में वाहन पार्किंग स्थल में वाहन खड़ा किए जाने के लिए पूर्व में लिया जाने वाला वाहन शुल्क वसूल नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में जिला कलक्टर के आदेशानुसार यह वाहन पार्किंग नि:शुल्क की गई है।

# 10 लक्षण पर्व के चोथे दिन उत्तम शोच धर्म की पूजा की



बढ़ता राजस्थान

**निवाई,( निर्भय मीना )।** बगड़ी के महावीर जिनचैत्याले व आदिनाथ दिगंबर जैन बड़े मंदिर में 10 लक्षण पर्व के चोथे दिन उत्तम शोच धर्म की पूजा की गई दश लक्षण पर्व के दौरान पंडित नमन कुमार जी शास्त्री के सानिध्य में आदिनाथ मंदिर में शांति धारा करने का सौभाग्य रामस्वरूप दिनेश कुमार बसंत कुमार विमल कुमार ऋषभ आदित्य अभिनव काव्यांश कुमार को मिला प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य मोहनलाल जितेश कुमार सम्मेद कुमार आयु कुमार को मिला श्रद्धालुओं द्वारा नित्य पूजा चोबीस भगवान सोलह कारण पंचमेरु दस लक्षण धर्म आदिनाथ जिन नंदीश्वर महावीर जिन निर्वाणक्षेत्र की पूजा की गई श्रद्धालुओं द्वारा बड़े उत्साह से भगवान का अभिषेक व शांति धारा की गई सांयकल गाजे बाजे के साथ दोनों मंदिरों में बड़े धूमधाम से भगवान की महा आरती की गई महाआरती करने का सौभाग्य रामस्वरूप दिनेश कुमार बसंत कुमार विमल कुमार जैन गोयल को मिला आदिनाथ ग्रुप बगड़ी महिला मंडल के तत्वाधान में नाटिका का आयोजन किया गया।जिसमें सभी महिला एवं पंडित शास्त्री जी द्वारा शास्त्र सभा का आयोजन किया गया। लक्की ड्रा के विजेता को पुरस्कृत किया गया इस मौके का इस मौके पर समाज के रामस्वरूप जैन,छीतर मल,कजोड़ मल, महावीर प्रसाद,कमलेश कुमार,रमेश चंद, मोहनलाल, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, जितेश कुमार, पवन, आदित्य, अभिनव, हर्ष कुमार, विमल, संजय, दीपक, नवीन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# पनवाड़ में रोजाना हो रहे हैं डांडिया गरबा कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**दूनी,( नि.स. )।** पनवाड़ ग्राम में गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर युवा माली समाज के युवा टीम की ओर से 10 दिन तक चलने वाला गणेश महोत्सव माली समाज धर्मशाला में बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के संयोजक सुरेश अजमेरा नहीं बताया कि ग्राम पनवाड़ में माली समाज द्वारा माली समाज धर्मशाला में गणेश महोत्सव पहली बार मनाया जा रहा है जिसमें कहीं प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम डांडिया, गरबा, नृत्य, खेल इत्यादि कार्यक्रम हो रहे हैं। जिसमें युवाओं के साथ-साथ महिलाएं बुजुर्ग छोटे बच्चे सभी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं और एक समाज को नई दिशा के लिए प्रेरणा स्त्रोत श्री गणेश जी महाराज की सुबह शाम विधि विधान के अनुसार आरती करके शाम को कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें महिलाओं द्वारा कुर्सी दौड़, रस्सा कशी आग् का गोला, रुमाल झपट्टा, डांडिया नृत्य, बोल छल, मेंढक चाल ,कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसमें विजेता को श्री गणेश महोत्सव समिति की ओर से पारितोषिक भी वितरण किया जा रहा है। अब तक के विजेताओं में रोहित सैनी, मेरा देवी, सीमा देवी, सत्यनारायण माली प्रशासक, चेतना देवी, गोपाल माली, सहित कई विजेताओं ने पारितोषिक के रूप में गणेश जी की प्रतिमा और इनाम प्राप्त किया प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री गणेश चतुर्थी समिति के कार्यकर्ताओं में गणेश माली, रामराज माली, लोकेश सैनी, राजवीर सैनी, नंदकिशोर सैनी, महावीर माली, हंसराज सैनी, किशन सैनी सहित कार्यकर्ताओं ने पहली बार गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया है। ग्राम पंचायत पनवाड़ प्रशासन सत्यनारायण माली ने अपने उद्बोधन में बताया कि ऐसे आयोजन होने से समाज को एक नई दिशा मिल मिलती है और सांस्कृतिक आयोजनों से लोगों में उत्साह बना रहता है और मोबाइल से भी छुटकारा मिलता है अत: श्री गणेश जी महाराज की कामना की है कि ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए जिससे कि हमारी बेटियां बेटे और समाज को उच्च शिक्षा और नई दिशा मिल सके।

# पंच कल्याणक महोत्सव समिति के ओम प्रकाश बाकलीवाल अध्यक्ष चुने गए

## पंचकल्याणक महोत्सव 7नवंबर से पुरानी टोंक मंदिर में होगा,समाज की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर श्याम बाबा पुरानी टोंक का 7 से 12 नवंबर तक होने वाले पंच कल्याणक महोत्सव संबंधी जैन समाज टोंक की बैठक पारसनाथ मंदिर पुरानी टोंक में आयोजित की गई।

राजेश अरिहंत ने बताया कि पंच कल्याणक महोत्सव की बैठक में सर्वसम्मति से ओम प्रकाश बाकलीवाल पूर्व आयकर कमिश्नर राजस्थान सरकार को पंचकल्याणक महोत्सव समिति का अध्यक्ष चुना गया । बैठक में पंच कल्याणक महोत्सव को भव्य एवं सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए शैलेंद्र चौधरी ,अजय सोगानी, पदम कासलीवाल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।गुड्डू कासलीवाल एवं दिनेश गोधा ने बताया कि पंच कल्याणक महोत्सव को लेकर आगामी 14 सितंबर को पात्र चयन समारोह होगा जिसमें पंच कल्याणक महोत्सव के लिए बोलियों के माध्यम से इंद्र- इंद्राणियों का चयन किया जाएगा ।पात्र चयन समारोह का आयोजन श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर नवीन जिनालय पुरानी टोंक में होगा इसमें परम पूज्य वात्सल्य वारीधि राजकीय अतिथि आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ का आशीर्वाद एवं पावन सानिध्य रहेगा। ओम प्रकाश सोनी ने बताया कि 14 सितंबर को प्रात: वात्सल्य वारिधि वर्धमान सागर महाराज ससंघ का मंगल विहार अमीरगंज नसिया से बैंड बाजे के साथ जुलूस के रूप में पांच मंदिर में मंगल प्रवेश होगा।

# मन की बात में पीएम ने जम्मू-कश्मीर की उपलब्धियों से लेकर किसानों और सिविल सेवा परीक्षा तक की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** भाजपा ग्रामीण मंडल कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम को सूरवाल शक्ति केंद्र पर सुना मंडल उपाध्यक्ष प्रेमराज मीना व शक्तिकेंद्र संयोजक कजोड़ सैनी ने बताया कि यह कार्यक्रम माली मोहल्ले में सुबह 11 बजे आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मंडल प्रभारी सुरेंद्र शर्मा व मंडल अध्यक्ष अशोक राज मीना अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सूरवाल शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल हुए।इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 125वें संस्करण में शिक्षा,पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत अभियान पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने युवाओं को नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।साथ ही प्राकृतिक आपदाओं और पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश से हुई तबाही की चर्चा भी की।



इस दौरान मंडल प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। तथा कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं और युवाओं ने भी इसे लाभदायक माना।उपस्थित कार्यकर्ताओं को अपने संबोधन में अशोक राज मीना ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से प्रधानमंत्री मोदी देश की विभिन्न विषयों पर सीधे जनता से अपने मन की बात कहते हैं, जिससे जनता का उनके प्रति लगाव और बढ़ता है।इस दौरान चन्द्रप्रकाश मीना पृथ्वीसिंह मीना कालू सैनी धापू देवी केशन्ती सैनी केदार मीना श्रीदास मीना सहित कई महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दो ट्रकों में हुई भिड़ंत,एक ट्रक में लगी आग



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर मूंडिया गांव के समीप रविवार की देर रात करीब 12.30 बजे गाय को बचाने के प्रयास में दो ट्रकों में भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के बाद उठी चिंगारी से एक ट्रक में आग लग गई। सदर थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि काली मिट्टी के चूरे के कट्टों से भरा एक ट्रक सूरत से मेवात जा रहा था। इसी दौरान मूंडिया बायपास पर इस ट्रक के आगे चल रहे एक ट्रक चालक ने गाय को बचाने के प्रयास में अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे मिट्टी के चूरे से भरा हुआ ट्रक आगे वाले ट्रक के पिछले हिस्से से जा भिड़ा। इस भिड़ंत से पीछे वाला ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। ट्रक चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक धूं धूंकर जलने लगा और काफी ऊंचाई तक आग की लपटें उठने लगी। आग लगने की सूचना पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा की दृष्टि से कुछ देर के लिए यातायात को रोक दिया। पुलिस की सूचना पर फायरमैन देवनारायण गुर्जर दमकल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। हालांकि आग बुझने तक ट्रक का आगे का हिस्सा पूरा जल गया था। इसके बाद पुलिस ने ट्रक को सडक् के किनारे खडा करवाकर यातायात को सुचारू करवाया।ध व्यक्तियों से घटना संबंध में पुछताछ की गयी। प्लांट में कार्यरत वर्तमान व पूर्व में कार्यरत रहे व्यक्तियों से पुछताछ व अनुसंधान किया गया। पूर्व में कार्यरत रहे इंजीनियर मोहित, गोरव व हेल्पर दीपक की भूमिका संदिग्ध पायी जाने पर सघन तलाश दस्तयाब करके पुछताछ की गयी।

# रोड निर्माण प्लांट से मशीन पार्टस चोरी के मामले में लाम्बाहरिसिंह पुलिस ने 3 आरोपी पकड़े

## करीबन 3.50 लाख कीमत के प्लांट से चोरी डिस्पले व पीएलसी मशीन जप्त

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार मोटाराम बेनिवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा व आशीष प्रजापत वृत्ताधिकारी वृत्त मालपुरा के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धर पकड हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत लांबाहरिसिंह पुलिस थानाधिकारी राजकुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने चोरी के मामले में फरार चल रहे तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 19अगस्त को परिवादी रामदयाल जाट पुत्र किशनलाल निवासी मोरला थाना लाम्बाहरिसिंह जिला टोंक हाल मेनेजर बीएलसी कम्पनी मोरला द्वारा रिपोर्ट पेश की कि पीडब्लूडी विभाग से स्वीकृत देवल से नगर तक रोड का कार्य चल रहा है। कंकीट प्लांट एम ए एक्स एम ई सी एच कम्पनी का ग्राम मोरला में लगा हुआ है। जिसमें से एच एम आई डिस्प्ले और पीएलसी गायब है, जिसकी वेल्यू करीब 350000 रुपयें है। एक्स एम के पूर्व में कार्यरत इंजीनियर मोहित, गोरव, व हेल्पर दीपक पार्टस चोरी करके ले जा सकते है। इस रिपोर्ट पर मुकदमा नम्बर



87/2025 धारा 305 (4) बी.एन.एस. 2023 में दर्ज किया गया। घटनास्थल के बी.टी.एस. लिये जाकर सीडीआर प्राप्त करके गहनता से विश्लेषण किया गया। घटनास्थल की ओर आने-जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये। बीटीएस से प्राप्त संदिग्ध मोबाईल नंबरों की सीडीआर प्राप्त गहनता से विश्लेषण किया गया। संदिग्ध व्यक्तियों से घटना संबंध में पुछताछ की गयी। प्लांट में कार्यरत वर्तमान व पूर्व में कार्यरत रहे व्यक्तियों से पुछताछ व अनुसंधान किया गया। पूर्व में कार्यरत रहे इंजीनियर मोहित, गोरव व हेल्पर दीपक की भूमिका संदिग्ध पायी जाने पर सघन तलाश दस्तयाब करके पुछताछ की गयी।

माह फरवरी 2025 से ग्राम नगर से देवल तक रोड निर्माण कार्य बी.एल. सी. कम्पनी द्वारा किया जा रहा है। कम्पनी में मैक्स मैच कम्पनी का सिमेंट कंकीट मिक्सर प्लांट ग्राम मोरला में लगा हुआ है। जिसको इंजीनियर मोहित द्वारा लगाया गया था तथा प्लांट ऑपरेटर गोरव व हेल्पर दीपक द्वारा प्लांट को पूर्व में ऑपरेट किया गया था। इस प्लांट में डिस्पले व पी. एल.सी. बेशकीमती होना तीनों की जानकारी में थी। बरसात के कारण जुलाई माह से बंद है, जिसका फायदा उठाते हुये तीनों आरोपियों द्वारा आपराधिक षडयंत्र रचकर प्लांट से डिस्पले व पी. एल.सी. 3अगस्त 2025 को चोरी करके ले जाना पाया गया। तीनों आरोपियों को प्रकरण में 28अगस्त 2025 को प्रकरण हाजा में गिरफतार किया गया। जिनसे अनुसंधान जारी है।

पुलिस ने गौरव शर्मा पुत्र तेजपाल शर्मा (21) निवासी बीच गली महुअर पुलिस थाना किरावली जिला आगरा, उत्तर प्रदेश , मोहित पुत्र सन्तराम जाट (24) निवासी झासवा पुलिस थाना जिला झझर, हरियाणा तथा दीपक कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह जाट (25 )निवासी हमीनपुर पु पिलानी जिला झुन्झुनूं को गिरफ्तार किया है।

# राधा अष्टमी पर श्री राधा दामोदर मंदिर में हुए कई धार्मिक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** रविवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में राधा अष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। राधा अष्टमी पर कुमोदनी कुंड पर स्थित श्री राधा दामोदर मंदिर में अनेक धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। श्री राधा अष्टमी के उपलक्ष में मंदिर पुजारी लक्ष्मी नारायण ने श्रीराधा दामोदर जी का पंचामृत से अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मंदिर में भजन सत्संग का आयोजन हुआ। जिसमें महिला श्रद्धालुओं ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजनों पर महिलाओं ने नृत्य भी किया। इसके बाद आरती कर प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर पंडित श्री लक्ष्मी नारायण, विनोद शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा व श्याम सुंदर पंडा सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नवीनतम कृषि व पशुपालन उन्नत तकनीकी को किसानों तक पहुंचाने से बढ़ेगी किसानों की आमदनी:अरुण तोमर

## केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसन्धान संस्थान, अविकानगर मे विकसित कृषि संकल्प अभियान की तैयारी बैठक हुई

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के तहत रबी सीजन के लिए आयोजित होने जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के लिए राजस्थान राज्य के स्टेट-कोऑर्डिनेटर डॉ अरुण कुमार तोमर निदेशक केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसन्धान संस्थान अविकानगर द्वारा राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीना एवं पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत कैबिनेट मंत्री के साथ विभाग के शासन सचिव राजन विशाल, डॉ सुमित शर्मा से मुलाक़ात की गई थी । राजस्थान सरकार से नामित सदस्य डॉ .ईश्वर लाल यादव, राजस्थान राज्य मे स्थित कृषि और पशुपालन विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओ,





आईसीएआर के राजस्थान मे स्थित संस्थानों के निदेशको, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी आदि के साथ ऑनलाइन माध्यम से गत 29 अगस्त, 2025 को अविकानगर से रबी के सीजन मे आयोजित होने वाले वीकेएसए कार्यक्रम की तैयार के बारे मे मीटिंग डॉ .अरुण कुमार द्वारा की गई ।स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ अरुण कुमार तोमर ने ऑनलाइन मीटिंग मे जुड़े सभी संस्थान को सम्बोधन मे बताया कि पूर्व खरीफ अभियान की भांति इस अभियान मे हम सबको ज्यादा से ज्यादा लोगो तक पहुंच कर उनका कृषि और पशुपालन आवश्यक समस्या, बदलते वातावरण अनुसार उपयुक्त कृषि, नवीनतम कृषि और पशुपालन ऊनत तकनिकीयों को किसानो तक पहुंचना, वर्तमान परिवेश अनुसार कृषि ओर पशुपालन मे उद्यमिता विकास की सम्भावनाओं, सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ समीक्षा एवं किसानो द्वारा दिये गये सुझाव को नोट कर परिषद् को अवगत करना इस कार्यक्रम के मुख्य उदेश्य है ।डॉ .अरुण कुमार ने इस अवसर रबी के समय बढ़े कार्यक्रम अपने संस्थान स्तर पर करने का सुझाव सभी को दिया । जिससे आप अधिक से अधिक किसानो को इस अभियान से जोड़ सके । डॉ तोमर ने बताया कि आने वाले समय मे कृषि ओर पशुपालन की राजस्थान की आवश्यकता अनुसार योजना बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान उपयोगी साबित होगा ।

डॉ .तोमर द्वारा अभी तक अपने स्तर पर किये गये प्रयास पर प्रकाश डालते हुए सभी के सक्रिय रूप भागीदारी करने का आह्वान किया तथा सभी को अपने संस्थान स्तर पर नोडल अधिकारी बनाते हुए टीम के गठन पर जोर दिया । कार्यक्रम मे उपस्थित विभिन्न संस्थानों के प्रमुख द्वारा पिछले अभियान मे आयी समस्या को डॉ .तोमर को अवगत कराते हुए उन पर परिषद् की और से स्पष्टीकरण माँगा । कार्यक्रम मे राजस्थान से 60 से ज्यादा संस्थान के कर्मचारियों ने भागीदारी करते हुए अपने विचार प्रकट किये । जोबनेर कृषि विश्वविधालय कुलगुर डॉ बलराज सिंह, बीकानेर के कैमल संस्थान निदेशक डॉ वी के पुनिया, काजरी के निदेशक डॉ व्यास, अटारी जोधपुर के वैज्ञानिक डॉ पी पी रोहिल्ला, सरसो अनुसन्धान निदेशक, अविकानगर के नोडल अधिकारी डॉ लीलाराम गुर्जर, डॉ राजेश बिश्नोई के साथ सभी राजस्थान के केवीके प्रभारी भी इस अवसर उपस्थित रहकर अपने विचार प्रकट किये एवं स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ अरुण कुमार को अपनी ओर पुरा सहयोग का आश्वासन दिया । र

## 2022 में घोषित राष्ट्रपति सम्मान से अब सम्मानित हुए जगदीश सिंह


बढ़ता राजस्थान

**टपूकड़ा ( नि.स. )।** कस्बे से गहरा नाता रखने वाले गांव घाघस नुहू निवासी दर्शन लाल जो ग्राम पंचायत के सरपंच भी रह चुके हैं उनके इकलौते पुत्र जगदीश में देश सेवा का जज्बा इस कदर भरा हुआ था कि उन्होंने सेना में भर्ती होकर देश सेवा का निश्चय कर लिया केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 142 वीं बटालियन असम गोलाघाट में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के पद पर रहते हुए उन्होंने देश सेवा के लिए जी जान लड़ा दिया भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जगदीश सिंह को 2022 में सराहनीय सेवा कार्य के लिए पुरस्कृत करने के लिए चयनित किया था. किसी कारणवश 2 वर्ष से पुरस्कार वितरण समारोह नहीं हो पाया अत: 28 अगस्त 2025 गुरुवार को गृह मंत्रालय केआंतरिक सुरक्षा के विशेष सचिव प्रवीण वशिष्ठ ने उन्हें पदक देकर सम्मानित किया।

# तिजारा भर्तृहरि धाम मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## बाबा बालक नाथ ने सड़क निर्माण की घोषणा, भाजपा नेता राजू यादव ने भव्य मंदिर निर्माण का आह्वान किया

बढ़ता राजस्थान



**तिजारा ( नि.स. )।** रविवार को तिजारा के भर्तृहरि धाम में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही धाम परिसर और गुफा पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। भक्तों ने बाबा भर्तृहरि की गुफा और प्राचीन कुएं पर धोक लगाई और आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि महंत बाबा बालक नाथ ने अपने संबोधन में कहा कि तिजारा नाथों की धरती है,

यहां की पहचान देशभर में होगी। उन्होंने मंच से तिजारा से भर्तृहरि धाम तक सड़क बनाने की घोषणा कर श्रद्धालुओं को बड़ी सौगात दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा नेता राजू यादव ने कहा कि शीघ्र ही भर्तृहरि धाम पर भव्य मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि तिजारा का हर घर मंदिर निर्माण में 5 ईंट अर्पित करे।

इस संकल्प पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने हाथ उठाकर सहमति जताई। धाम परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने खीर-पूरी का प्रसाद ग्रहण किया। सेवकों ने प्रसाद वितरण, पानी और बैठने की व्यवस्था संभाली। वहीं भजन गायक अमित चौधरी और कर्ण डागर की टीम ने भक्ति रस से सराबोर भजनों की प्रस्तुति दी, जिन पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। ग्रामीण महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में लोकगीत और नृत्य प्रस्तुत कर मेले का माहौल और अधिक भक्तिमय बना दिया। बाबा भर्तृहरि की गुफा और पास का प्राचीन कुआं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहे। ग्रामीणों ने कुएं की सफाई और संरक्षण की मांग प्रशासन से की। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

जिनमें रामकिशन मेघवाल, बने सिंह भिदुडी, देशपाल यादव, सुभाष सैनी, बुद्धन गुर्जर, नेत्रपाल यादव, कंवर सिंह चौधरी, विक्रम सिंह गुर्जर, हितेश शर्मा, अजय चंदेला, एडम गुर्जर, रामनिवास दायमा, रोहिताश्व कश्यप, पुरुषोत्तम सैनी, मंगतुराम सैनी, अनिल सैनी, जयपाल सिंह, सतीश पार्षद, ललित जैन, रतिराम यादव (सरपंच), नीरज (सरपंच), तेजपाल नागर, वीर सिंह चौहान, ओमप्रकाश यादव, यशपाल आचार्य, सुधीर कसाना, जगत पहलवान, विक्रम सिंह यादव, दिनेश यादव, ओमप्रकाश केला सहित अन्य लोग शामिल रहे। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने विशेष सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की।

पंडालों और पानी की व्यवस्था से श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली। धाम का यह मेला न केवल धार्मिक आयोजन रहा, बल्कि आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक भी बना। दूर-दराज़ से आए भक्तों ने इसे अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बताया।

## रोटरी क्लब अलवर ने विद्यार्थियों को किया साइबर क्राइम से जागरूक



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से साइबर क्राइम अवेयरनेस प्रोग्राम की शुरुआत की। इस श्रंखला का पहला कार्यक्रम अचीवर पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 12 के विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दी गई। रोटरी क्लब अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मनीष जैन और अमित छाबड़ा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए बताया कि यदि किसी फ्रॉड नंबर से कॉल आए तो तुरंत उसकी शिकायत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर करें। साथ ही 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे नए धोखाधड़ी तरीकों से बचने और किसी के दबाव में न आने की सलाह दी। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को जागरूक कर उन्हें ऑनलाइन सुरक्षित रखना और साइबर अपराधों से बचाव के लिए तैयार करना है।


## निःशुल्क होम्योपैथी शिविर एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** लायंस क्लब अलवर मत्स्य, वाईपीएसएम होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल तथा संयुक्त वैश्य महासभा, बुध विहार विजय नगर, अलवर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भर्तहरी पैनोरमा में निःशुल्क होम्योपैथी शिविर एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वाईपीएसएम होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की निदेशक और लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ. मंजू अग्रवाल रहीं। विशिष्ट अतिथियों में मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर एवं क्लब के प्रशासक एमजेएफ लायन गिरीश गुप्ता, संयुक्त वैश्य महासभा के अध्यक्ष व क्लब सदस्य लायन सतीश कुमार गुप्ता तथा क्लब की सचिव लायन सुधा अग्रवाल शामिल रहे। शिविर में वाईपीएसएम होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के डॉ. अशोक पाठक ने निःशुल्क परामर्श दिया और कॉलेज की ओर से मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर से कुल 131 लोग लाभान्वित हुए। इस अवसर पर शनिवार को आयोजित निबंध प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किए गए। प्रतियोगिता लगभग 10 स्कूलों — जिनमें राजकीय उमावि शिवाजी पार्क, राजकीय बालिका उमावि शिवाजी पार्क, गांधी नेशनल उप्रावि बुध विहार, अग्रवाल उमावि, ओसवाल उमावि, राजकीय उप्रावि मीणा पाड़ी, राजकीय उमावि नंबर 4 और बालियान पब्लिक स्कूल शामिल थे — में आयोजित की गई थी, जिसमें 600 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। आज आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सभी विद्यालयों से चुने गए कुल 55 विद्यार्थियों को, जो विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे, प्रमाणपत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक लायन प्रह्लाद अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायन सतीश कुमार गुप्ता, लायन सत्यनारायण अग्रवाल और लायन महेश धानावत रहे।

## युवा नेता ईश भारद्वाज ने पूर्व राष्ट्रीय सचिव सुनील देवधर से की भेंट



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के उभरते युवा नेता ईश भारद्वाज ने दिल्ली स्थित निवास पर पूर्व राष्ट्रीय सचिव सुनील देवधर से मुलाकात की। वे यहां श्री गणेश उत्सव में सम्मिलित होने पहुंचे थे। इस अवसर पर बीकानेर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान ईश भारद्वाज ने देवधर से धर्म एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा की, साथ ही पार्टी की संगठनात्मक विचारधारा और कार्यप्रणाली पर भी विचार-विमर्श किया।

## भ्रष्टाचार मुक्त बानसूर की मुहिम को सफल बनाया

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र में कांग्रेस शहर अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने के बाद रविवार को नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल आर्य का सम्मान करने वालों का ताँता लगा रहा। पहली बार खुले शहर अध्यक्ष कार्यालय पर सुबह से ही कांग्रेस सेवादल पदाधिकारियों, कांग्रेसजनों, विभिन्न संगठनों और शुभचिंतकों ने पहुंचकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर राहुल आर्य ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से शुभकामनाएं देने वाले सभी का आभार जताया और कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उस पर वे पूरी तरह खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री एवं राजस्थान की शेरनी शकुंतला रावत का सपना भ्रष्टाचार मुक्त बानसूर का है,

जिसे साकार करना ही मेरी प्राथमिकता होगी। कांग्रेस सेवादल जिला सचिव डॉ. रमेशचंद यादव ने भी संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने राहुल आर्य जैसे युवा को अध्यक्ष बनाकर संगठन को मजबूत करने का काम किया है।

उन्होंने विश्वास जताया कि आर्य अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे। इस मौके पर उज्जैन से पधारे साधु कंचनदास महाराज और प्रेमदास महाराज ने भी महाकाल भगवान की ओर से आशीर्वाद प्रदान करते हुए आर्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका पार्षद डॉ. नरेश यादव, भूपसिंह सुरेला, डॉ. रमेशचंद यादव, जीतेंद्र यादव पीथावाली, सतपाल सिंह, रामप्रताप कल्याणपुरा, विजय सिंह, मुकेश सैनी 'नेताजी' सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्यजन मौजूद रहे।

## मन की बात मात्र संवाद नहीं सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में पिरोना है

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें संस्करण का रविवार को नगर पालिका क्षेत्र स्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष (अलवर उत्तर) सज्जन मिश्रा के निवास पर कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से श्रवण किया। कार्यक्रम के उपरांत कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मिश्रा ने कहा कि 'मन की बात' केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि पूरे भारत को एक धागे में पिरोने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रत्येक शब्द राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरणा का दीपक प्रज्वलित करते हैं और समाज में सकारात्मकता का संदेश देते हैं। मिश्रा ने आगे कहा कि मोदी का संदेश यह सिखाता है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े परिवर्तन ला सकते हैं। यही प्रयास भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि चुनौतियों के बीच भारतीयों को डगमगाना नहीं चाहिए, बल्कि दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीता मिश्रा, पूर्व आईटी सैल संयोजक विजय कुमावत, पूर्व महामंत्री योगेश सोनी, एडवोकेट संकेत लाटा, विष्णु सोनी, बबलू वाल्मीकि, सतीश गुवारिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़ ( अलवर )।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य प्रो. के.एल. मीना की देखरेख में किया गया, जिसे युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार आयोजित किया गया है।दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बैडमिंटन, जेवलिन थ्रो और एथलेटिक्स शामिल थे। खेल अधिकारी डॉ. भगत सिंह ने बताया कि बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में हिमांशु जांगिड तथा महिला वर्ग में आंचल जोशी प्रथम स्थान पर रही।एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 1500 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में वेदिका शर्मा और पुरुष वर्ग में मनोज रैबारी ने बाजी मारी। वहीं जेवलिन थ्रो में नितीन शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर खेल समिति संयोजक डॉ. जगत सिंह मीना, सह-संयोजक आंचल मीना, खेल प्रभारी डॉ. भगत सिंह, चित्रा मीना, डॉ. योगेंद्र सिंह सेहरा, प्रो. संजय बमनावत, प्रो. कपिलदेव कुण्डारा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## संविदा प्लेसमेंट संघर्ष समिति की प्रांतीय बैठक, समान काम समान वेतन पर चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** संविदा प्लेसमेंट संघर्ष समिति कर्मचारी यूनियन की प्रांतीय बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष यश जोशी ने की। उन्होंने संगठन के विस्तार पर चर्चा की और बताया कि आने वाले समय में कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्ष को और मजबूती दी जाएगी। बैठक में निर्विरोध रूप से ऋतिक कुमार रोशन को महामंत्री चुना गया। साथ ही आगामी बजट के दौरान मांग पत्र की बिंदु संख्या 97 को लागू करवाने तथा समान काम, समान वेतन की मांग पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। नेताओं ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी करती है तो सभी विभागों के संविदाकर्मी एकजुट होकर विधानसभा घेराव कर उग्र आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (भामसं) के जिलाध्यक्ष पुष्पराज शर्मा ने उपस्थित कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते हुए संगठन को मजबूत बनाए रखने पर बल दिया। बैठक में चिकित्सा विभाग, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, जिला परिषद, यूआईटी और नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी शामिल हुए। प्रमुख रूप से अजीत जादौन, यश जोशी, , अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## राधा अष्टमी पर मंदिरों में भक्ति का उत्सव निकली राधा रानी की सवारी



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** नगर में रविवार को राधा अष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर और गोविंद देव जी मंदिर में विशेष आयोजन हुए। सुबह से ही भक्त मंदिरों में पहुंचकर राधा रानी के दर्शन करते रहे। गोविंद देव जी और जगन्नाथ मंदिर में राधा रानी को नवीन पोशाक धारण कराई गई।

गोविंद देव मंदिर में छप्पन भोग की झांकी सजी और दोपहर 12 बजे श्री राधा रानी का पंचामृत अभिषेक कर आरती की गई। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने जय जय श्री राधे, वृषभान दुलारी की जय और जय जगन्नाथ के जयकारों से मंदिर प्रांगण को गुंजायमान कर दिया। इस मौके पर कस्बे के अवधूत आश्रम से राधा रानी की सवारी भी निकाली गई, जो मुख्य मार्गों से होते हुए गोविंद देव जी बाजार पहुंची। आयोजन में मंदिर महंत पूर्णदास, आचार्य मदन मोहन शास्त्री, पं. रोहित शर्मा, गायत्री देवी, मुकुल बड़ाया, मयूर खंडेलवाल, हरिओम गुप्ता, महेंद्र प्रसाद तिवारी एडवोकेट, कन्हैया लाल लखेरा, मीनू खूंटेटा, राजकुमार गुप्ता, सुरेश सैनी, सुनील शर्मा, एडवोकेट दीनदयाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा बानसूर के चुनाव संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा बानसूर के चुनाव रविवार को नगर पालिका क्षेत्र स्थित एसएमएस विद्यालय परिसर में जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश कुमार वर्मा और पर्यवेक्षक राजेश कुमार यादव की देखरेख में संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपशाखा अध्यक्ष पद पर मंजीतसिंह यादव तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष यादव ने कहा कि साथियों ने जिस विश्वास के साथ मुझे तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बनाया है, उस पर मैं पूर्व की भांति खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर व्याख्याता सत्यवीर सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रहित में शिक्षा, शिक्षाहित में शिक्षक और शिक्षकहित में समाज के दायित्वों को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी पूरी निष्ठा से निभाएगी। चुनाव में मंत्री पद पर दुर्गेशसिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष पद पर धर्मवीर यादव, महिला मंत्री पद पर श्रीमती ममता ज्योतिषी, पुरुष उपाध्यक्ष पद पर रमेशचंद्र जाट, कंप्यूटर अनुदेशक प्रतिनिधि के रूप में विक्रम सिंह यादव, सभा अध्यक्ष पद पर रामसिंह शेखावत, उपसभाध्यक्ष पद पर पवन शर्मा, महिला उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती प्रेम बाजिया तथा प्राध्यापक प्रतिनिधि के रूप में राजेश यादव निर्विरोध चुने गए। प्रदेश महासमिति के लिए सुमेश कुमार सैनी, नरेश बंसल, ओमप्रकाश भार्गव, योगेश ढाचोलिया, गिर्राज गुप्ता और विक्रमसिंह शेखावत का निर्वाचन हुआ। वहीं जिला महासमिति के लिए रामसिंह, सुरेश, प्रीति, बजरंग, सुदेश, पवन, कृष्ण, रोशनी, संजय, आतेंद्र, प्रभुदयाल, सुरेंद्र, सुमेर, सुरेंद्र यादव, सत्यपाल, संजय खोसिया, यादराम गुर्जर, नरेश मीणा, अनुपम सहित कुल 23 सदस्य निर्विरोध चुने गए। निर्वाचित पदाधिकारियों का जगह-जगह साफा पहनाकर और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया तथा मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, व्याख्याता सत्यवीर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष संदीप यादव, गुरुदयाल, किरण, संगीता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक संघ सदस्य उपस्थित रहे।

## जयपुर में होगा श्री परशुराम ज्ञानपीठ भवन का उद्घाटन, राजगढ़ से पहुंचेगी विप्र समाज की टोली

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** श्री परशुराम ज्ञानपीठ भवन (सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च) के उद्घाटन समारोह को लेकर विप्र फाउंडेशन की बैठक ब्राह्मण धर्मशाला राजगढ़ स्थित परशुराम भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पियूष शर्मा ने की। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष पं. धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि उद्घाटन समारोह 6 सितंबर को जयपुर के शिप्रा पथ, मानसरोवर में आयोजित होगा, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। उन्होंने इसे समाज के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय अवसर बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष पियूष शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर समाजबंधुओं को समारोह में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि विप्र समाज की बड़ी भागीदारी इस आयोजन की सफलता सुनिश्चित करेगी। बैठक में प्रदेश भैया, दिनेश शास्त्री सहित बड़ी संख्या में विप्र समाज के सदस्य मौजूद रहे।

# बिरला बोले- ग्रीन-फील्ड एयरपोर्ट का काम सितंबर में होगा शुरू:पीएम मोदी के हाथों होगा शिलान्यास

## उन्होंने शक्ति नगर स्थित कैंप कार्यालय पर जन समस्याएं सुनी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का काम सितंबर के महीने में शुरू हो जाएगा और 2 वर्ष में यह पूरा हो जाएगा। मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इसके शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी आग्रह किया जाएगा।

एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी सभी राज्यों से करवाई जाएगी ताकि कोटा में शिक्षा, औद्योगिक और पर्यटन के रास्ते खुलें। कोटा के रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाया जा रहा है, जो जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। इससे सभी स्थानों से कोटा सीधा जुड़ जाएगा।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला कोटा के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने शक्ति नगर स्थित कैंप कार्यालय पर जन समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। बिरला झालावाड़ रोड स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित किराना संघ अधिवेशन में भी शामिल होंगे। शाम को वे खुदरा किराना विक्रेता संघ के प्रदेश अधिवेशन में भाग लेंगे।

### कृषि के क्षेत्र में नए आयाम होगें स्थापित

स्पीकर बिरला ने कहा कि हाल ही में अतिवृष्टि की वजह से काफी नुकसान हुआ है। जहां पर जलभराव की स्थिति बनी है वहां पर जाकर देखा है। अधिकारियो से सर्वे भी करवाया जा रहा है। जिनके घर का अनाज और पशुओं का नुकसान हुआ है।

वहां त्वरित गति से कार्रवाई के लिए प्रशासन को निर्देश दिए जा चुके है। आने वाले समय में देशभर के कृषि वैज्ञानिकों को एक मंच पर लाकर हाड़ौती में कृषि के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन होगा। मेडिकल, शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्र में क्या अधिक बेहतर किया जा सकता है वो किया जाएगा।

### वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

शहर के प्रमुख कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों ने लोकसभा कैम्प कार्यालय में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का अभिनंदन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया।



इस अवसर पर एलन, मोशन, वाइब्रेंट, ई-सरल, सर्वम्, आकाश, रेज़ोनेंस, करियर विल, फिजिक्स वाला, अनएकेडमी और बंसल क्लासेज़ सहित सभी प्रमुख कोचिंग संस्थानों के निदेशक और वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर और बुके भेंटकर स्वागत किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि बिरला के निरंतर प्रयासों से यह योजना अब धरातल पर उतरने जा रही है।

# आठवीं सीनियर स्टेट मेंन वूमेन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**का.स. (विनोद गौड़)।** कोटा में करीब बीस साल बाद आठवीं सीनियर स्टेट मेंन वूमेन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है।

भारतीय परंपरा वाले 150 साल पुराने इस खेल को पहले कपड़े की बॉल को पाटा के साथ खेला करते थे,फिर अंग्रेजों ने इसको बॉल बैंडमिंटन के रूप में तब्दील कर दिया था। नयापुरा उम्मेदसिंह स्टेडियम में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में पाली,अजमेर, सीकर,चितौड़गढ़ सहित 28 जिलों के 500 से अधिक महिला व पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस खेल में अब तक छह अर्जुन अवॉर्डी हो चुके है।

वाइस प्रेसिडेंट प्रकाश वीरनाथनी ने बताया कि बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता से खिलाड़ी लगातार सरकारी भर्तियों में पहुंच रहे है।खिलाड़ियों के रुकने भोजन पानी की व्यवस्था संघ की ओर से निशुल्क की गई है। बारिश के मौसम के बाद भी खिलाड़ियों में खेल को लेकर उत्साह कम नहीं हुआ।

# लोक सभा अध्यक्ष के ओएसडी दत्ता को राजस्थान गौरव सम्मान




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** संस्कृति युवा संस्थान की ओर से आयोजित 31वें राजस्थान गौरव समारोह में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी, राजस्थान के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता को राजस्थान गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। राजधानी जयपुर के पंच सितारा होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में राज्यपाल डा. हरिभाऊ बागड़े ने दत्ता को यह सम्मान दिया।

राजस्थान पुलिस सेवा में रहते हुए बूंदी और झालावाड़ में दत्ता ने कुख्यात अपराधियों पर नकेल कसकर कानून-व्यवस्था को मजबूत किया। साहसिक कार्यों के लिए उन्हें गैलेंट्री प्रमोशन भी मिला। जयपुर नगर निगम और जेडीए में रहते हुए उन्होंने अवैध वसूली व अवैध निर्माण के खिलाफ निर्णायक अभियान चलाया। रेहड़ी-पटरी वालों से अवैध वसूली करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई कर सजा दिलाई। आबकारी विभाग में अवैध शराब के खिलाफ सफल अभियान चलाया।

इस बीच लोक सभा अध्यक्ष बनने के बाद कोटा-बूंदी के सांसद ओम बिरला ने उन्हें अपना ओएसडी नियुक्त किया। ओएसडी के रूप में दत्ता ने जनता और संसद के बीच सेतु का काम किया। विधायी व प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने में अहम योगदान देने के साथ उन्होंने लोक सभा सचिवालय की प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के विदेश के प्रत्येक दौरे पर भी दत्ता उनके साथ रहे तथा भारत के अन्य देशों से संसदीय संबंधों को मजबूत बनाने तथा विदेश में रह रहे प्रवासी भारतीयों के विषयों को संबंधित सरकारों तके पहुंचाने में भी उनके प्रयास सराहनीय रहे। राष्ट्रीय स्तर के हैंडबॉल खिलाड़ी रहे दत्ता ने कुश्ती को नई ऊँचाई देने का बीड़ा उठाया। राजस्थान कुश्ती संघ का अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उनके द्वारा पहलवानों को दिए गए सम्बल के कारण ही राजस्थान के पहलवानों ने अंडर-17 वर्ल्ड चौंपियनशिप में 2 अंतरराष्ट्रीय पदक और राष्ट्रीय स्तर पर 40 से अधिक पदक जीते। पहलवानों के लिए कोचिंग, सुविधाएँ और पेंशन योजना शुरू की।

# पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने तपस्वियों संभव बाफना व सुश्री आरुषि मोदी के 9 उपवास की तपस्या व साधना पूर्ण करने पर किया अभिनंदन व बहुमान



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने संभव बाफना पुत्र गौरव बाफना एवं सुश्री आरुषि मोदी पुत्री राकेश मोदी दोनों ही तपस्वियों के 9 उपवास की साधना और तपस्या पूर्ण करने पर नगर के आदर्श कॉलोनी में स्थित श्री राजेन्द्रसूरी ज्ञान मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम में तपस्वी संभव बाफना एवं सुश्री आरुषि मोदी के द्वारा की गई साधना और तपस्या पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने संभव बाफना और सुश्री आरुषि मोदी को श्रीफल भेंट कर शॉल ओढ़ाकर और मोतियों की माला पहनाकर तपस्वियों का अभिनंदन करते हुए बहुमान किया।

इस अवसर पर निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल,संगठन महासचिव रवि प्रकाश सोनी,चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष एवं निवर्तमान पालिका पार्षद मनोज पारख,नगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चांदमल विराणी,पालिका के निवर्तमान पार्षद राजेश सांड तथा समाजजन,गणमान्यजन इत्यादि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महर्षि दधीचि ने मानव, धर्म व देवसंस्कृति रक्षा हेतु किया था सर्वस्व का दान

## हवन, पूजन, शोभायात्रा, रक्तदान, कन्या धात्री माताओं का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्री महर्षि दधीचि छात्रावास समिति में दधीच समाज के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ महर्षि दधीचि जयंती महोत्सव मनाया। अध्यक्ष रविन्द्र जोशी देहित ने बताया कि रविवार को समाजबंधुओं ने हवन, पूजन, शोभायात्रा, रक्तदान एवं कन्या धात्री माताओं तथा प्रतिभाओं का सम्मान कर त्याग और दान की प्रतिमूर्ति महर्षि दधीचि को स्मरण किया।

इसके उपरांत इस वर्ष कन्या धात्री 8 महिलाओं को मंच पर चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक संध्या में खेल प्रतिभाओं और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समाज द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 70 यूनिट रक्तदान हुआ।

महामंत्री निमेष पुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी चंद्रप्रकाश दोराश्री एवं विशिष्ट अतिथि सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर दधीच, माइनिंग इंजीनियर राजेन्द्र भट्ट और पशु चिकित्सालय अधीक्षक गणेश दत्त दधीच उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उमेश जोशी ने किया। मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश दोराश्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि



दधीचि जयंती समारोह केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि समाज-संस्कार और सेवा भावना का उत्सव है, जो समाज के सभी वर्गों को जोड़ता है और युवा पीढ़ी में आदर्शों की स्थापना करता है।

### हवन व पूजन में आस्था, रक्तदान में उत्साह

नागेश दधीच ने बताया कि प्रात: 7 बजे मां दधिमति माता मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक एवं पूजन संपन्न हुआ। आचार्यों द्वारा किए गए सामूहिक हवन में श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण के लिए आहुति अर्पित की और शहर की मंगलकामनाएँ कीं। छात्रावास परिसर में रक्तदान शिविर के साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें लोगों ने बीपी और शुगर की जांच करवाई।

समिति की महिला अध्यक्ष स्मिता शर्मा और मंत्री अंबिका शर्मा ने बताया कि इस वर्ष कन्या जन्म देने वाली 08 महिलाओं को मंच पर चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही सेवानिवृत्त एवं नव नियुक्त अधिकारियों, धात्री माताओं एवं मातृशक्ति, खेल एवं सांस्कृतिक संध्या के विजेताओं, मेधावी छात्र-छात्राओं (सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी, मेड्किल, IIT, IIM, CA आदि में उपलब्धि प्राप्त) तथा भामाशाहों सहित कुल 112 व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान किए गए।

**शोभायात्रा में उमड़ा समाज**

शोभायात्रा का आयोजन दधीच छात्रावास से आकाशवाणी मुख्य मार्ग होते हुए नाग-नागिन मंदिर से पुनः छात्रावास समिति तक किया गया। संयोजक राजेश दधीच और गोपाल दधीच (नृसिंह) ने बताया कि शोभायात्रा में दो श्वेत अश्वों के पीछे मां दधिमति की पालकी, महर्षि दधीचि की झांकी और शिव परिवार व राम दरबार की झांकियाँ सजाई गई थीं। महर्षि दधीचि की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र रही।समाजबंधु जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा में ऊंट और घोड़ा-गाड़ी भी शामिल थे। महिलाएँ लाल चुनरी पहनकर नृत्य करती हुई आगे बढ़ीं, जबकि पुरुष सफेद कुर्ता-पायजामा धारण कर जयकारों के साथ सम्मिलित हुए।

# गणेश मित्र मण्डल छावनी का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्री गणेश मित्र मंडल समिति छावनी का प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को गोयल धर्मशाला में आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष ऋतुराज कौशिक तथा उपाध्यक्ष पंडित लालचंद शर्मा ने बताया कि समिति की ओर से दसवीं तथा 12वीं में 80त्न से अधिक अंक लाने वाले 105 मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया गया। इसके लिए क्षेत्र में बच्चों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थीं।

श्री गणेश महोत्सव के तहत रविवार को महाआरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गोयल धर्मशाला के सामने स्थित पांडाल को गुंजायमान कर दिया।

सचिव अंशु श्रृंगी व संरक्षक कन्हैयालाल शाक्यवाल ने बताया कि 3 सितंबर को डोल यात्रा स्वागत, 4 सितंबर श्री श्याम भजन संध्या, 5 सितंबर को महाआरती और 6 सितंबर को गणपति प्रतिमा विसर्जन के कार्यक्रम होंगे। यहां प्रतिदिन 8 बजे संध्या आरती की जा रही है। जिसका लाइव प्रसारण किया हो

# सामाजिक एकता का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण होना चाहिए-नागर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्री धाकड़ महासभा कोटा महानगर एवं श्री धाकड महासभा युवा संघ कोटा महानगर का शपथ ग्रहण व प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को धरणीधर गार्डन पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक भूपेंद्र धाकड़ एवं नवल नागर ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर थे। अध्यक्षता श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र नागर ने की। युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन धाकड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हेमंत नागर, प्रदेश अध्यक्ष इंदर सिंह मंडलोई, राष्ट्रीय महामंत्री चंद्रप्रकाश नागर, महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजश्री नागर, युवा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री



नवल नागर, महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष दीपशिखा नागर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान महासभा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मीचंद नागर व युवा संघ के जिला अध्यक्ष राजेश नागर की जिला कार्यकारिणी ने शपथग्रहण की। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं और मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि सामाजिक एकता का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण होना चाहिए। संस्थाएं परस्पर मिलकर काम करें। एक दूसरे से समन्वय के अभाव में प्रतिस्पर्धा बढ़ती है। जिससे कई बार कटुता भी आ जाती है। सामाजिक संगठन संपर्क के प्रभावी माध्यम हैं। सामाजिक एकता, समरसता और समन्वय सर्वसमाज के हित में होने चाहिए।

# तलवंडी मंदिर में श्रीजी का प्रथम अभिषेक व शांति धारा, मोक्ष कल्याणक महोत्सव संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** तलवंडी जैन मंदिर में रविवार को विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। महामंत्री प्रकाश सामरिया ने बताया कि मंदिर में श्रीजी का प्रथम अभिषेक और शांति धारा देवेंद्र, शोभित, भूमेंद्र व शकुंतला के परिवार द्वारा संपन्न की गई। इस अवसर पर पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव भी श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। अजय , उपेन्द्र , अनिता और शुभम के परिवार द्वारा यह कार्यक्रम सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में समर्पित किया गया।

**पुस्तक विमोचन**

पर्युषण पर्व के उत्तम शौच धर्म दिवस पर संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की अनुपम हस्तलिखित कृति डूबो मत, लगाओ डुबकी का विमोचन किया गया। विमोचनकर्त्ता के रूप में राजेश बरमुंडा, अजय (ष्ट), अशोक पाटनी सहित मंदिर अध्यक्ष अशोक पहाड़िया, सुरेश हरसौरा उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिखर, रूपचंद , महावीर , कपिल आदि श्रेष्ठियों ने भी सहयोग किया। उल्लेखनीय है कि आचार्य श्री की हैंडराइटिंग में प्रकाशित यह पुस्तक संपूर्ण कोटा के सभी मंदिरों में नि:शुल्क वितरित की जा रही है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

महामंत्री प्रकाश सामरिया ने बताया कि 1 सितम्बर, सोमवार को रात 8 बजे तलवंडी स्थित आचार्य ज्ञानसागर पाठशाला के बच्चों द्वारा धार्मिक एवं शिक्षा प्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसका संयोजन मनोज पाटनी, नीतिका सांवला और नैना जैन द्वारा किया जाएगा।



प्रचार प्रसार मंत्री राजकुमार ने बताया कि हीरापुर से आए वीरेंद्र भैया जी ने शौच धर्म पर प्रवचन देते हुए महाभारत का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि 卐तन की शुद्धता से अधिक मन की शुद्धता आवश्यक है। जिस प्रकार कड़वी तुमड़ी को कितना भी गंगा स्नान करा दो, तीर्थ करा दो, उसकी सब्जी सदैव कड़वी ही रहेगी; उसी प्रकार जब तक मन की शुद्धता नहीं होगी, तब तक परिणामों में निर्मलता नहीं आ सकती और जीवन में विषमताएँ बनी रहेंगी।

# 2 दिन में शाइन इंडिया ने अंता और झालावाड़ में लिए नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** पूरे भारत में 25 अगस्त से 8 सितंबर तक 40वाँ नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है । इस दौरान संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा सम्पूर्ण हाड़ौती संभाग में नेत्रदान जागरुकता के लिए अधिकतम प्रयास किया जा रहे हैं । जागरूकता प्रयासों के चलते ही, पिछले 12 घंटे में, संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से कोटा से डॉ कुलवंत गौड़ ने शनिवार देर रात अंता निवासी डॉ महेश चंद्र जैन (सेवानिवृत सीएमएचओ,बारां) और रविवार सुबह झालावाड़ निवासी निर्मल जैन का नेत्रदान लिया ।

जैन धर्म में आस्था रखने वाले,गरीब,निर्धन और जरूरतमंद व्यक्ति के लिए हमेशा तैयार रहने वाले डॉ मोहन चंद्र पूरे अंता कस्बे के चहते थे। डॉ जैन निर्धन, जरूरतमंद लोगों का इलाज निःशुल्क किया करते थे । निधन के ठीक उपरांत डॉ जैन की पत्नी सुधा,बेटे अंकुर बेटी,पूजा ने सहमति कर, पिता के नेत्रदान के लिए, ताऊ जी इंजी0 वी सी जैन के माध्यम से संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन को संपर्क कर नेत्रदान संपन्न करवाया। रविवार सुबह ज्योति मित्र संजय अग्रवाल ने बताया कि, रूपनगर न्यू मल्टी,झालावाड़ निवासी निर्मल जैन (अमिता स्टोन) का सुबह हृदयाघात से आकस्मिक निधन हुआ है,और समझाइश के बाद परिजन नेत्रदान के लिए तैयार हैं ।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्श समिति की बैठक आयोजित

## सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में समय पर ऋण मिले

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्श समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा, जिले के समस्त बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।जिला कलक्टर ने बैंकों को निर्देशित किया कि कृषि, रिटेल, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत एवं वितरित करें, जिससे जिले का सी.डी. रेश्यो राज्य के औसत स्तर तक पहुँच सके। उन्होंने जन सुरक्षा सैचुरेशन कैंप की बैंकवार समीक्षा की और प्रत्येक शाखा को निर्देश दिए कि कैंप की निर्धारित तिथि से पूर्व पंचायतों के सभी स्कूलों में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के पंपलेट वितरित किए जाएं, ताकि माता-पिता को योजनाओं की जानकारी समय पर मिल सके।बकायादारों की सूची प्रशासन को उपलब्ध कराएंकलक्टर ने उद्योग एवं महिला अधिकारिता विभाग को निर्देशित किया कि सभी पंचायतों में विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ ले सकें। उन्होंने बैंकों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं में ऋण वितरण बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित आवेदनों का त्वरित निस्तारण करने तथा संबंधित विभागों को केवल पात्रता पूर्ण आवेदनों को ही बैंकों में भेजने के लिए कहा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जो बैंक सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में सक्रिय भागीदारी नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

बड़े बकायेदारों से ऋण वसूली के लिए प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन देते हुए सभी बैंकों को एन.पी.ए. बकायेदारों की सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने को कहा। आरबीआई के एलडीओ मनदीप सिंह वालिया ने सी.डी. रेश्यो एवं वार्षिक साख योजना की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

वहीं, पीएनबी मंडल प्रमुख ने जिले में जन सुरक्षा सैचुरेशन कैंप को सफल बनाने व सरकार की योजनाओं में सभी बैंकर्स की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### जिले के विकास में भागीदार बने बैंक

डीडीएम नाबार्ड शिवम अग्रवाल ने प्राथमिक क्षेत्र के तहत कृषि ऋण वितरण बढ़ाने का आह्वान किया।

अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार ने तिमाही प्रगति की जानकारी दी और जिले के विकास में सभी बैंकर्स से भागीदार बनने का आग्रह किया।

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक मलूक सिंह ने प्रशिक्षण संस्थान की प्रगति साझा की और बैंकों से लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने की अपील की।

### 30 लाख का चेक सौंपा गया

**बैठक** के दौरान कलक्टर कमर चौधरी एवं पंजाब नेशनल बैंक के मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार ने पीएनबी बछामदी शाखा से सैलरी अकाउंट में डेथ क्लेम के तहत 30 लाख रुपये का चेक नामित महिला रिंकी कुमारी को प्रदान किया।

## राठौड़ ने ईडब्ल्यूएस प्रावधानों को बताया अधूरा, प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर सरलीकरण की रखी मांग

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) आरक्षण को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद होने लगी है। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के पूर्व चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजकर केंद्र सरकार के ईडब्ल्यूएस प्रावधानों को अधूरा बताया और इन्हें राजस्थान मॉडल की तर्ज पर सरल बनाने की मांग की।राठौड़ ने ज्ञापन में विशेष रूप से कृषक वर्ग की जाट, बिश्नोई सहित राज्य की 671 ओबीसी जातियों का उल्लेख किया, जो केंद्र स्तर पर जनरल और ईडब्ल्यूएस श्रेणी में आती हैं। उन्होंने कहा कि इन वर्गों में महिला प्रतिनिधित्व बेहद कम है, जो 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी राष्ट्रीय मुहिम के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 12 जनवरी 2019 को ईडब्ल्यूएस वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था, लेकिन भूमि, भवन और भूखंड जैसी कठोर शर्तों के कारण इसका लाभ कृषक समुदाय और महिलाओं तक नहीं पहुंच पाया। यूपीएससी और एसएससी की भर्तियों के आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि ईडब्ल्यूएस वर्ग के आवेदकों की संख्या अन्य वर्गों की तुलना में बहुत कम है।

इसके विपरीत राजस्थान सरकार ने 20 अक्टूबर 2019 को ईडब्ल्यूएस प्रावधान को सरलीकृत करते हुए केवल आठ लाख रुपये वार्षिक आय सीमा को ही आधार माना। भूमि अथवा संपत्ति संबंधी शर्तें हटाने से बीते छह वर्षों में राज्य की सामान्य वर्ग की अनेक जातियां सरकारी भर्तियों में सक्रिय रूप से भागीदारी कर सकीं और समाज के शैक्षणिक तथा सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त हुआ।

राठौड़ ने सवाल उठाया कि जब किसी अन्य आरक्षण प्रणाली में भूमि और भूखंड संबंधी शर्तें लागू नहीं हैं तो ईडब्ल्यूएस में ही इन्हें क्यों शामिल किया गया। उन्होंने इन्हें निरर्थक और अव्यावहारिक बताते हुए केंद्र से तत्काल सुधार की मांग की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार यदि राजस्थान मॉडल अपनाती है तो कृषक वर्ग और महिलाओं को वास्तविक न्याय मिलेगा। राठौड़ ने चेतावनी भी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज़ होगा। राजस्थान में ईडब्ल्यूएस आरक्षण की सरल व्यवस्था लागू करवाने में अहम भूमिका निभाने वाले राठौड़ को लोग चलता-फिरता मंडल आयोग भी कहते हैं। माना जा रहा है कि उनके इस नए ज्ञापन के बाद ईडब्ल्यूएस मुद्दे पर केंद्र सरकार के समक्ष दबाव और बढ़ेगा तथा राजनीतिक हलचल तेज हो सकती है।

## गणपति महोत्सव का भव्य समापन शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नगर परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गणपति महोत्सव का रविवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ भव्य समापन हुआ। अरविंद स्टेडियम से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में करीब 200 गणेश प्रतिमाओं के साथ आकर्षक झांकियां, हाथी-घोड़े, देवी-देवताओं की झलक, डीजे व बैंड की धुन और अखाड़ा प्रदर्शन ने हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नियत समय से लगभग तीन घंटे देरी से शुरू हुई शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए फव्वारा चौक से गणेश देवरी पहुंची। यहां मंशापूर्ण गणपति प्रतिमा की महाआरती के बाद सभी मूर्तियों का राजसमंद झील स्थित नौ चौकी की पाल पर विधिवत विसर्जन किया गया।भीड़ की अधिकता को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। चार थाना प्रभारियों के साथ पर्याप्त पुलिस बल हर स्थान पर तैनात किया गया।

किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए नगर परिषद की टीम, तैराकों और गोताखोरों को भी मुस्तैद रखा गया।

शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, पुष्पवर्षा और अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

## धूमधाम से मनाया गया राधा अष्टमी उत्सव

### नौका विहार एवं उत्तर प्रदेश की संस्कृति व धार्मिक धरोहर की सजीव झांकी का आकर्षक चित्रण

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** वृंदावन यात्रा ग्रुप द्वारा लाडली लाल श्री किशोरी जी का प्राकट्य उत्सव बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक उमेश गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर ठाकुर जी का भव्य नौका विहार कराया गया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नगाड़ा वादक नाथूलाल सोलंकी एवं दिल्ली के प्रसिद्ध कलाकार माधव भाटिया ने भजनों और वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

भारी वर्षा के बीच भी बगीचा रिसॉर्ट स्थित सुंदर कुंड में ठाकुर जी और यमुना महारानी का आह्वान कर नौका विहार संपन्न हुआ। इस अवसर पर वृंदावन यात्रा ग्रुप की महिलाओं ने उत्तर प्रदेश की धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाती 60 मिनट की आकर्षक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। इसमें लखनऊ का लोकनृत्य कजरी, काशी विश्वनाथ, वृंदावन, बरसाना, प्रयागराज, झांसी, अयोध्या, गौतम बुद्ध एवं महादेव की झांकियों का मनमोहक मंचन किया गया। रामजन्म, कृष्णजन्म और भगवान बुद्ध की झलकियों ने दर्शकों को विशेष रूप से मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रमुख अतिथियों में शिव शंकर फतेहपुरिया, उमेश गर्ग, गोकुल अग्रवाल, राजेंद्र मित्तल, हेमेंद्र गर्ग, महेंद्र मालू, सुरेश गर्ग, संजय गर्ग, डॉ. श्याम भूतड़ा, सुनील खंडेलवाल, डॉ. राजा बैराठी और प्रदीप बंसल सहित अनेक गणमान्यजन शामिल रहे। नृत्य नाटिका का संयोजन सुधा मालू, सीमा खंडेलवाल और अरुणा गर्ग ने किया।

## गारंटी से बाहर सड़कों की 60 लाख से मरम्मत, टेंडर जारी पर वर्क ऑर्डर अटका



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) शहर और देहात क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत पर 60 लाख रुपए खर्च करेगा। शहर में 20 लाख और देहात में 40 लाख रुपए से पेचवर्क होना प्रस्तावित है।

टेंडर प्रक्रिया एक महीने पहले पूरी हो चुकी है, लेकिन विभाग ने अभी तक वर्क ऑर्डर जारी नहीं किया है। जानकारों का कहना है कि अधिकारी और संवेदक जानबूझकर देरी करते हैं, ताकि बारिश का समय निकल जाए और बाद में औपचारिक रूप से काम दिखाकर भुगतान लिया जा सके। इसका खामियाजा जनता भुगत रही है। जगह-जगह गहरे गड्ढों के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। शहर में गुलाब बाग से पैलेस रोड, चूड़ी बाजार मार्ग, स्टेशन से संतर रोड और आदर्श रोड सहित कई रास्तों पर हालात बेहद खराब हैं। जगन टॉकीज से हरदेव नगर मार्ग भी बड़े गड्ढों से जर्जर हो चुका है। पिछले वर्षों में भी लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद पेचवर्क कुछ महीनों तक ही टिक पाया था। शिकायतें कलेक्टर तक पहुंचीं, लेकिन भ्रष्टाचार और लापरवाही के मामलों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

अब 2025-26 में 60 लाख रुपए का बजट मंजूर है, मगर वर्क ऑर्डर जारी न होने से काम ठप पड़ा है।

## सुन्दर स्मृति व्याख्यानमाला का प्रथम पुष्प सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष यात्रा को समर्पित सुन्दर स्मृति व्याख्यानमाला का प्रथम पुष्प रविवार को जिला परिषद सभागार, राजसमन्द में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन ध्येयनिष्ठ स्वयंसेवक स्व. सुन्दर लाल पालीवाल की स्मृति में किया गया, जिन्होंने स्त्री सम्मान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान किया था। मुख्य वक्ता धर्म जागरण समन्वय के अखिल भारतीय विधि प्रमुख श्री राम प्रसाद ने कहा कि संघ की सौ वर्षीय यात्रा त्याग, संघर्ष और समर्पण से भरी हुई है। अनगिनत स्वयंसेवकों ने कठिन परिस्थितियों में समाज के लिए कार्य किया और यह इतिहास प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जीवंत समाज अन्याय और असत्य पर प्रतिक्रिया करता है, जबकि मौन समाज मृतप्राय हो जाता है। राम प्रसाद जी ने कहा कि भारत केवल भूमि का टुकड़ा नहीं, बल्कि मातृभूमि है, जिसके प्रति एकांतिक निष्ठा आवश्यक है। उन्होंने संघ के पाँच सूत्र— सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी अपनाना—को राष्ट्रनिर्माण की आधारशिला बताया। व्याख्यानमाला की प्रस्तावना डॉ. सुनील खटीक ने दी।

संचालन डॉ. वंदना पालीवाल ने किया और अंत में नन्द लाल सिंघवी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। साहित्य केन्द्र आयोजन स्थल पर संघ और समाज से जुड़े राष्ट्रीय विचारों का साहित्य केन्द्र भी लगाया गया, जिसमें लोगों ने गहरी रुचि दिखाई।

## चोरी की बाइक के साथ 2 चोर गिरफ्तार, अवैध बजरी परिवहन में 2 पकड़े, ट्रक जब्त

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर (राजू शर्मा)।** मनियां थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में मुखबिर की सूचना पर कस्बा मनियां से पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में कृष्ण कुमार उर्फ कृष्णा और पिन्टू को पकड़ा। उनके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की गई। इस संबंध में थाना मनियां में धारा 303(2), 317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में एएसआई मोहनलाल मीणा के नेतृत्व में बरैठा मोड़ पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने अवैध चंबल रेता से भरा एक ट्रक पकड़ा। मौके से ड्राइवर हरवीर सिंह और हेल्पर रामकेश को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में धारा 303(2), 281 बीएनएस, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 29/51 और फॉरेस्ट एक्ट की धारा 41, 42 के तहत केस दर्ज किया गया है। सभी आरोपी धौलपुर जिले के रहने वाले हैं। बाइक चोरी के आरोपी कृष्ण कुमार और पिन्टू रांडौली के निवासी हैं, जबकि बजरी परिवहन में पकड़े गए हरवीर सिंह और रामकेश ठेकुली मानपुर के रहने वाले हैं। दोनों मामलों की जांच जारी है।

## पार्वती बांध के सातवीं बार खुले गेट, 4 गेट से 4493 क्यूसेक पानी की निकासी, नदी किनारे अलर्ट



बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। उपखंड क्षेत्र के पार्वती बांध से इस मानसून सीजन में सातवीं बार पानी छोड़ा गया है। करौली क्षेत्र में देर रात हुई भारी बारिश से बांध में लगातार पानी की आवक बनी रही, जिसके चलते शनिवार सुबह 7 बजे से चार गेट दो-दो फीट खोलकर 4493 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। सिंचाई वि सिंचाई विभाग के एईएन पपेंद्र मीणा ने बताया कि बांध की भराव क्षमता 223.41 मीटर है, जबकि वर्तमान में जलस्तर 230.25 मीटर तक पहुंच गया है। जिला कलेक्टर और उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है।मानसून में सातवीं बार खुले गेटएईएन विवेक अग्रवाल ने जानकारी दी कि सावन महीने में लगातार बारिश के कारण लगभग सभी बांध ओवरफ्लो हो चुके हैं। पार्वती बांध के गेट इस सीजन में सातवीं बार खोले गए हैं। इससे पहले 16 जुलाई, 18 जुलाई, 26-27 जुलाई, 31 जुलाई, 10 अगस्त और 23-24 अगस्त को गेट खोले गए थे।प्रशासन अलर्ट परगेट खोलने के बाद उपखंड प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी, तहसीलदार मुकेश मीणा, नायब तहसीलदार उत्तमचंद बंसल सहित राजस्व विभाग के अधिकारी ग्रामीणों को सतर्क कर सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील कर रहे हैं।

उमस और बीमारियों से बढ़ी परेशानीइधर, उपखंड क्षेत्र में बारिश थमने से उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। लगातार बढ़ रही उमस के चलते मौसमी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं, जिससे आमजन की दिक्कतें और बढ़ गई हैं।

## प्रधानमंत्री पर टिप्पणी के विरोध में युवा मोर्चा का प्रदर्शन, राहुल गांधी का पुतला दहन

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माताजी को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। गांधी पार्क में एकत्रित हुए कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में तख्तियां लेकर और कांग्रेस विरोधी नारे लगाते हुए सब्जी मंडी, लाल बाजार होते हुए डाकखाना चौराहे पर पहुंचे। वहां राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी में महिलाओं का सम्मान नहीं, वहां खुले मंच से अशोभनीय बातें की जाती हैं। भाजपा मातृशक्ति को प्रणाम करती है और उनके सम्मान में हमेशा खड़ी है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव भी किया। कार्यक्रम का संयोजन राहुल राणा और सहसंयोजन वेद प्रकाश शर्मा ने किया। इस मौके पर जिला महामंत्री मदन कोली, धीर सिंह जादौन, मंत्री विजय त्यागी, मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया, वरिष्ठ भाजपा नेता बाचाराम बघेल, युवा नेता जयवीर पोसवाल, नंदकिशोर शुक्ला, मनोज शर्मा, पंकज शर्मा, रामलखन परमार, शिवम राजावत, पवन त्यागी, योगेश जादौन, रविंद्र हटवारी, लाला गलेथा, रविकांत चौधरी, आकाश सिंह, सचिन सिंह, गजेंद्र त्यागी, हरिओम त्यागी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ब्राम्हण बड़ा नागदा समाज कल्याण संस्थान की प्रतिनिधि सभा का अधिवेशन सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** ब्राम्हण बड़ा नागदा समाज कल्याण संस्थान की प्रतिनिधि सभा का अधिवेशन रविवार, 31 अगस्त को उदयपुर स्थित निम्बार्क शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आयोजित हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष डॉ. भगवती प्रकाश शर्मा ने की। कार्यक्रम में संरक्षक के रूप में स्क्क्ज्ञ के पूर्व कुलपति डॉ. उमाशंकर शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार माधव नागदा, धर्मनारायण नागदा तथा महामंत्री डॉ. नारायणलाल जोशी उपस्थित रहे।

शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ।अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा और संस्कार ही सभ्य समाज निर्माण की नींव हैं। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए नैतिकता, परहित और सुदृढ़ विचारधारा आवश्यक है। उन्होंने बड़ा नागदा समाज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए उपस्थित प्रतिनिधियों को संस्थान के उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने की शपथ भी दिलाई।संस्थान के संरक्षक एवं स्क्क्ज्ञ के पूर्व कुलपति डॉ. उमाशंकर शर्मा ने संस्थान की उद्देश्यमूलक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं के सुनहरे भविष्य और सामाजिक विकास के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

वरिष्ठ साहित्यकार माधव नागदा ने कहा कि सकारात्मक विचारों के साथ समाज उत्थान की दिशा में कार्य करना ही संस्थान के उद्देश्यों की पूर्ति का मार्ग है। महामंत्री डॉ. नारायणलाल जोशी ने संस्थान की आचार संहिता और संरचना पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान कोषाध्यक्ष भंवरलाल पाठक ने वर्षभर की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत की। इंजीनियर हरिकान्त भट्ट ने विभिन्न ग्रामों से आए प्रतिनिधियों का तिलक एवं रोली बांधकर स्वागत किया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर भीलवाड़ा में विशाल साइकिल रैली

# फिटनेस, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविवार को भीलवाड़ा शहर में फिटनेस और जागरूकता का अनोखा संगम देखने को मिला। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की फिट इंडिया मिशन मुहिम के अंतर्गत जिला प्रशासन और भीलवाड़ा साइकिल क्लब द्वारा संयुक्त रूप से विशाल साइकिल रैली का आयोजन किया गया। सुबह 7.30 बजे जिला कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू हुई इस रैली को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत और जिला परिषद के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कैप्टन दिनेश चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सैकड़ों साइकिल सवारों ने शहर के प्रमुख मार्गों—स्टेशन रोड, अजमेर रोड, बीजोलिया रोड और पुर रोड—से गुजरते हुए फिटनेस, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाए।

रैली के दौरान पूरा माहौल उत्साह और ऊर्जा से भरा रहा। जगह-जगह नागरिकों ने ताली बजाकर और पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया। जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में फिटनेस के लिए साइकिल चलाना सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। यह स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ प्रदूषण कम करने और ऊर्जा बचाने का भी साधन है।

उन्होंने युवाओं से नियमित व्यायाम, योग और खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि खेल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास में समान रूप से सहायक हैं। साइकिल चलाना तनावमुक्त और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है। रैली में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। नन्हे बच्चों ने छोटे-छोटे साइकिलों पर सवार होकर फिटनेस का संदेश दिया तो बुजुर्गों ने भी उत्साह के साथ कदम से कदम मिलाकर सबको प्रेरित किया। इसमें सेवानिवृत्त अधिकारी, शिक्षक, चिकित्सक, समाजसेवी, खेल कोच, स्काउट-गाइड और एनसीसी कैडेट्स सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। विशेष रूप से बाबूलाल जाजू, अरुण संतोष मुछाल, राकेश सक्सेना, मदन खटोड़, सत्यनारायण राठी, राजकुमार अजमेरा, मनोहर डुमोलिया, अमित पुरोहित, डॉ. फरियाद मोहम्मद, डॉ. हेमेंद्र कौशिक, नरेश बाहेती, साइकिल मैन मुकेश कुमावत, हस्तीमल भलावत, ओमप्रकाश काबरा, मुकेश सामरिया, मंजू छिपा, सुरेंद्र छिपा, प्रतीक ईनाणी, सौरभ मानसिंहका, भेरूलाल सुवालका, आशुतोष आचार्य, सोम शर्मा, जगन्नाथ सालवी, लवकुश काबरा, रक्षित सूत्रकार, रामचंद्र मूंदड़ा और गिरिराज कुमावत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




## त्याग और तपस्या के प्रतीक महर्षि दधीचि जयंती धूमधाम से मनाई गई



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** त्याग, तपस्या और दान के प्रतीक महर्षि दधीचि की जयंती रविवार को राधा अष्टमी के अवसर पर बूंदी दाधीच समाज ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई। इस अवसर पर समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महेश उद्यान से हुई। शोभायात्रा से पूर्व कलश, घोड़ी और ऊंट के लिए परंपरागत बोलियाँ लगाई गईं। इसके बाद महर्षि दधीचि की भव्य आरती कर शोभायात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा नाहर का चोहटा, भटक भैरू पड़ा, सेठजी का चौक, मल्लाह शाह का मंदिर, कागदी देवरा, मोची बाजार और नगदी बाजार होते हुए चारभुजा मंदिर पहुँची। मार्ग में अनेक सामाजिक संस्थाओं ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। यात्रा में शामिल लोग विशेष गणवेश में थे और पूरे रास्ते महर्षि दधीचि अमर रहें के जयकारे लगाते रहे। आकर्षक झाँकियों ने शोभायात्रा को और भी मनमोहक बना दिया। चारभुजा मंदिर से जुलूस वाहन रैली के रूप में दधीचि वाटिका बाईपास पहुँचा, जहाँ महर्षि की महाआरती संपन्न हुई। एक दिन पूर्व शनिवार को महर्षि वाटिका में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनोहारी प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया।इस भव्य आयोजन में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें समाज अध्यक्ष अशोक दाधीच, सचिव राजेश बना, निर्माण शाखा अध्यक्ष कन्हैया दाधीच, कोषाध्यक्ष शिवचंद्र दाधीच, युवा शाखा अध्यक्ष शुभ दाधीच, दिनेश, आलोक, राजेंद्र लक्ष्मी पूरा, ऋतुराज दाधीच, डॉ. राजेंद्र, डॉ. लोकेश, विजय व्यास, घनश्याम दाधीच, बसंत दाधीच, लोकेश दाधीच, सत्यप्रकाश दाधीच, शुभांग दौराश्री, राजकुमार दाधीच, पंकज दाधीच, मिथलेश दाधीच, दुर्गेश दाधीच और रुद्रेश दाधीच शामिल थे। महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वाति दाधीच और महिला मंडल की सचिव अरुंधति दाधीच के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएँ भी मौजूद रहीं। यह आयोजन समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक बना।

## प्रदेश माली सैनी अधिकारी-कर्मचारी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 26 अक्टूबर को




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** प्रदेश माली सैनी अधिकारी-कर्मचारी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव 26 अक्टूबर को ई-वोटिंग के माध्यम से होंगे। यह निर्णय संस्था की प्रदेश स्तरीय साधारण सभा की बैठक में लिया गया, जो जयपुर सीकर रोड स्थित रामेश्वरम गार्डन में आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ आरएएस अधिकारी ओंकारमल सैनी ने की। साधारण सभा में प्रदेश के सभी जिलों से पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि संस्था के सभी संसाधनों का उपयोग समाज के शैक्षिक उत्थान के लिए किया जाएगा और प्रत्येक जिले में प्रतिवर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होंगे। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए एडवोकेट गणेशलाल सैनी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। भीलवाड़ा से संस्था के जिला अध्यक्ष तोताराम सैनी, सचिव कन्हैयालाल बुलीवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरनारायण माली, कोषाध्यक्ष सूरज कुमार माली, भेरूलाल माली, बालूलाल माली, गोपाल माली, सुरेंद्र माली, सुरेश माली, डालूलाल माली, सूरज हिसोड़ा और शंकर माली सहित अनेक पदाधिकारी और सदस्य बैठक में उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचन्द बैरवा का जन्मदिन केक काटकर मनाया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान के माननीय उपमुख्यमंत्री एवं दूदू विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डॉ. प्रेमचंद जी बैरवा का 56 वा जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । सिविल लाइन निवास पर रामाज रिसोर्ट एंड कुर्तीस के ओनर मोहित टेलर और समाजसेवी अभिषेक गुप्ता में मिलकर माला और दुप्पटा पहना कर केक कटिंग करवाया और प्रभु गोविंद देवजी के लड्डू खिला के आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

## भगवान देवनारायण जयंती पर नैनवां में भव्य शोभायात्रा, घोड़ियों के ठुमकों ने बांधा समां

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर सैनी )।** भगवान देवनारायण जयंती महोत्सव के अवसर पर रविवार को नैनवां में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। दोपहर बाद वीर गुर्जर छात्रावास बटवाड़िया की टेक से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा नगरभर में आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभायात्रा में सबसे आगे घुड़सवार भगवान देवनारायण का ध्वज लेकर चल रहे थे। उनके पीछे बैंडबाजों की मधुर धुनों पर युवक-युवतियां भावविभोर होकर नृत्य करते रहे। इसके बाद अखाड़ों के कलाकारों ने अपनी पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में घोड़ी नृत्य और कच्छी घोड़ी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। अंत में भगवान देवनारायण की भव्य झांकी निकाली गई।

## दसलक्षण पर्व पर संगीतमय विधान धार्मिक तंबोला में आजमाया भाग्य



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जैन समाज के दसलक्षण पर्व के चौथे दिन रविवार को उत्तम शौच धर्म की पूजा बड़े श्रद्धाभाव के साथ की गई। चौगान जैन मंदिर में आर्यिका सत्यमति माताजी व आर्यिका हेमश्री माताजी संघ के सानिध्य में संगीतमय विधान हुआ। इस दौरान श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और जयकारों के बीच पूजा-अर्चना संपन्न हुई। चातुर्मास मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि शनिवार रात को चौगान जैन मंदिर में बाल ब्रह्मचारिणी आस्था बहन के मार्गदर्शन में जैन सोशल ग्रुप की ओर से धार्मिक तंबोला का आयोजन किया गया। इसमें आठ वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्ष योगेश-निधि गंगवाल व सचिव दीक्षिता-रॉबिन कासलीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नरेश-निर्मला, निशांत-निकिता पाटौदी और जियांश पाटौदी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन एकता पापड़ीवाल व मोहित बडजात्या ने किया। परिणामों में प्रथम हाउस अश्विनी जैन, द्वितीय हाउस पारस कुमार सोगानी और तृतीय हाउस दीप्ति जैन को मिला। महिला वर्ग में राखी अजमेरा, पुरुष वर्ग में नैतिक कासलीवाल और बच्चों में सम्यक जैन विजेता रहे। अतिथियों ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष वैभव ढगारिया और पूर्व अध्यक्ष सुनील पापड़ीवाल ने भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर समाजजन झूम उठे। उपाध्यक्ष सुरेंद्र-संगीता छाबड़ा और सह सचिव रवि-कनक गंगवाल ने आभार जताया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष संतोष पाटनी, मंत्री योगेंद्र कासलीवाल, चातुर्मास समिति संयोजक दीपक गंगवाल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत न्यायाधीश अरुण कुमार पारीक ने हजरत दीवाना शाह दरगाह पर पेश की चादर



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर रविवार को सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार पारीक ने साथियों के साथ हाजिरी दी।

उन्होंने दरगाह पर चादर और फूल पेश कर मुल्क में अमन-ओ-सुकून की दुआ की। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन के सचिव मोहम्मद अब्बास अशरफी ने बताया कि इस मौके पर अरुण कुमार पारीक के साथ जयपुर से भाजपा नेता एवं अधिवक्ता सरदार इन्द्र मोहन, दीपक सिंह, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के भांजे प्रवीण धनखड़, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अधिवक्ता सैयद अशफाक अली और हाजी सैयद अशरफ अली ने भी दरगाह पर चादर व फूल पेश कर मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की। इस अवसर पर दरगाह वक्फ कमेटी सदस्य और नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद ऐजाज अली, असलम शेख, हाजी साबिर पुंवार, हाजी शराफत भाटी और हाजी अब्दुर्रहमान मंसूरी ने अतिथियों की दस्तारबंदी कर उनका स्वागत किया तथा उन्हें श्रीफल भेंट किया।

## न्यायिक अधिकारियों की प्रथम सेमिनार सम्पन्न

### न्यायिक अकादमी, जोधपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की पहली सेमिनार रविवार को नगर निगम सभागार, भीलवाड़ा में आयोजित हुई

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी, जोधपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की पहली सेमिनार रविवार को नगर निगम सभागार, भीलवाड़ा में आयोजित हुई। इसमें भीलवाड़ा और बूंदी न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों ने भाग लिया।

सेमिनार की अध्यक्षता राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढांड ने की। इस अवसर पर भीलवाड़ा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन, बूंदी के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय शुक्ला सहित दोनों जिलों के न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। अकादमी द्वारा निर्धारित विषयों पर चर्चा के दौरान पराक्रम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत त्वरित निस्तारण, अभियुक्तों की गिरफ्तारी, रिमांड, जमानत, कोर्ट फीस एक्ट, दस्तावेजों का प्रस्तुतिकरण एवं प्रदर्शन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विमर्श हुआ। न्यायिक अधिकारियों ने अपने अनुभव और विचार साझा किए, वहीं न्यायमूर्ति ढांड ने संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन ने मेडिएशन फॉर नेशन अभियान की जानकारी दी और 13 सितम्बर 2025 को प्रस्तावित तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सेमिनार के समापन पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नरेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।




## राष्ट्रीय खेल दिवस पर बूंदी में नन्हें धावकों ने दौड़ लगाकर दिया स्वस्थ जीवन का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविवार को बूंदी के खेल संकुल में जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र और जिला बैडमिंटन संघ की ओर से दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में नन्हें बच्चों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया तथा खेलों के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी हर्षवर्धन सिंह थे, जबकि इसकी अध्यक्षता जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अजय नुवाल ने की। इस अवसर पर एथलेटिक्स कोच मनीष जायसवाल और कृष्णा भी मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में 5 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने विभिन्न वर्गों में 60 मीटर, 80 मीटर और 100 मीटर दौड़ में हिस्सा लिया। बालक और बालिका वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

बच्चों ने फिनिश लाइन तक पहुंचने के लिए पूरा दमखम लगाया और दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं। विजेता खिलाड़ियों में अमायरा, कृतिका सैनी, कनिका, अखंड प्रताप सिंह, लवित नागर, वेदांश सुमन, सूरज बंजारा, अंशुल मीणा, विक्की बंजारा, राधिका, श्रेया, प्रतिभा, हंसराज गुर्जर, हितेश मीणा, दिलखुश गुर्जर, भाविका, देवांशी और सृष्टि गौतम शामिल रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को जिला बैडमिंटन संघ की ओर से मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष अजय नुवाल ने घोषणा की कि बच्चों के लिए हर महीने खेल संकुल में दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्हें नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

# एपेक्स एसडीजी अंतर्गत जल संरक्षण थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** संगम विश्वविद्यालय में एपेक्स एसडीजी एवं आर्ट क्राफ्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जल संरक्षण थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्रों ने जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं को रचनात्मकता के साथ प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किए गए, जिसमें प्रथम स्थान रिया सेवानी, द्वितीय स्थान प्रेक्षा तिवारी और काव्य शकतावत, जबकि तृतीय स्थान तन्मय प्रजापत और गरिमा व्यास ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना, प्रो. वीसी प्रो. मानस रंजन पाणिग्रही, रजिस्ट्रार आलोक कुमार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. प्रीति मेहता, डिप्टी डीन डॉ. श्वेता बोहरा और अदिति नरेडिया सहित विश्वविद्यालय के कई अधिकारी व प्राध्यापक मौजूद रहे। पीआरओ राजकुमार जैन ने बताया कि एसडीजी डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप के अंतर्गत विश्वविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों में सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।




## अजमेर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा भिनाय के चुनाव निर्विरोध संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा भिनाय के चुनाव रविवार को पंचायत समिति के मुख्य सभागार में निर्विरोध सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी गोविन्द राम लोहार व पर्यवेक्षक बृजेश आसोपा की देखरेख में पूरी चुनावी प्रक्रिया शान्ति पूर्ण व उत्साह पूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई।चुनाव में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।अध्यक्ष पद पर गोविन्द राम जांगिड़ को तीसरी बार निर्विरोध चुना गया जबकि मंत्री पद पर राजू माली को जिम्मेदारी दी गई। साथ ही किशन गोपाल परिहार को सभाध्यक्ष का दायित्व दिया गया।

दूदू में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास समारोह, वोकल फॉर लोकल के लिए हो प्रेरित

# राज्य सरकार ने जल उपलब्धता सुनिश्चित करने लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए : सीएम

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर**. मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन देते हुए आने वाले त्यौहार के सीजन में स्वदेशी उत्पादों को खरीदें। इससे स्थानीय कारीगरों को अधिक से अधिक रोजगार मिलेगा और हमारे लघु एवं कुटीर उद्योग सशक्त होंगे। शर्मा रविवार को दूदू में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहा कि समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति के उत्थान से ही देश का विकास संभव है। उनके कल्याण से ही देश और प्रदेश की प्रगति सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। विकास एवं गरीब कल्याण की योजनाओं की प्रभावी शुरूआत की गई। साथ ही, उनके मार्गदर्शन में आतंकवाद-नक्सलवाद के खात्मे के साथ ही दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत और विकसित राजस्थान का रोडमैप भी बनाया गया है। हम निरंतर इस दिशा में काम कर रहे हैं। राज्य सरकार संकल्प पत्र में किए हर वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शर्मा ने आह्वान किया कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर जरूरतमंद तक पहुंचाने में आमजन सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल आपूर्ति और उपलब्धता के क्षेत्र में प्राथमिकता से कार्य कर रही है। रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर, गंगनहर, माही बांध जैसी परियोजनाओं के माध्यम से जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, 2027 तक प्रदेश के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 20 महीने में जो विकास कार्य करवाए हैं, उतने पूर्ववर्ती सरकार पांच साल में भी नहीं करवा पाई। मुख्यमंत्री ने हरियालो राजस्थान के अंतर्गत पिछले वर्ष लगभग 7.5 करोड़ पौधे लगाए थे। इस वर्ष हमने 10 करोड़ का लक्ष्य रखा था, लेकिन 11 करोड़ से अधिक पौधारोपण का कार्य हुआ है। 5 साल में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने आमजन से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में निरंतर बढ़ोतरी की जा रही है। पिछले वर्ष किसानों को गेहूं के एमएसपी पर 125 रूपए प्रति क्विंटल का बोनस दिया गया था। अब 150 रूपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस भी दिया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सभी क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रही है। दूदू के लिए 271 करोड़ रुपये की लागत से विश्व बैंक द्वारा ईपीसी मोड अंतर्गत स्वीकृत दूदू-सांभर-भाटीपुरा सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। साथ ही, 90 करोड़ रुपये से रसाईनी-मौजमाबाद-झाग-रामपुरा ऊँटी-बगरू सड़क निर्माण करवाया जा रहा है। हमारी सरकार ने दौसा से कुचामन मार्ग जो दूदू और सांभर से होकर गुजरता है, उसके सुदृढ़ीकरण के लिए 32 करोड़ 66 लाख रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने ग्राम साखनू में बाईपास निर्माण, 40 करोड़ रुपये से छापरवाड़ा बांध की नहरों का नवीनीकरण, दूदू में जिला अस्पताल के भवन का निर्माण और मोहनपुरा-फागी में औद्योगिक क्षेत्र आदि कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि ये दूदू के विकास में नया आयाम स्थापित करेंगे। उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पिछले 20 महीनों में दूदू क्षेत्र को विकास की कई सौग़ातें दी है। आज इस अवसर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आधारभूत संरचना से जुड़े लगभग 50 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास हुआ है, जिससे इस क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने दूदू विधानसभा क्षेत्र के लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण, सड़क निर्माण, मरम्मत व भवन निर्माण कार्यों एवं लगभग 10.5 करोड़ रुपये की लागत से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य कल्याण केंद्र, ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही 10 करोड़ रुपये की लागत के एकीकृत आयुष चिकित्सालय, दूदू एवं 9 करोड़ की लागत के राजकीय पॉलिटेनिक महाविद्यालय, फागी के भवन का शिलान्यास किया । कार्यक्रम में परिवहन विभाग एवं मारूति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (ए.डी.टी.टी.) के ऑटोमेशन कार्य निष्पादन के एमओए करार पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में पंचायतीराज राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी, विधायक श्री रेवंतराम डांगा, श्री रामस्वरूप लाम्बा, श्री राधेश्याम बैरवा, श्री अरूण चौधरी, जिला प्रमुख श्रीमती रमा देवी चोपड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

देवस्थान मंत्री ने किए बाबा रामदेव जी की समाधि के दर्शन

# चिकित्सा से जुड़ा सेवा कार्य ही ईश्वर की आराधना

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर**. पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के मंत्री श्री जोराराम कुमावत शनिवार को लोकदेवता बाबा रामदेव जी की पावन नगरी रामदेवरा पहुंचे । उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने आस्था के प्रतीक राम सरोवर कुंड के भी दर्शन किए। इस दौरान मंदिर समिति कार्यालय में बाबा वंशज गादीपति भोमसिंह तंवर ने पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के मंत्री श्री जोराराम कुमावत को साफा, माला एवं दुपट्टा पहनाकर मंदिर समिति की ओर से स्वागत किया गया। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी एवं मेला अधिकारी रामदेवरा लाखाराम चौधरी पूर्व प्रधान चुतराराम प्रजापत, पाली प्रधान पुखराज, समाज सेवी नारायणसिंह तवंर, हुकमाराम कुमावत के साथ अन्य मेला प्रशासनिक अधिकारी और रामदेव मंदिर समिति के विभिन्न पदाधिकारी गण भी उपस्थित रहे।

## नेत्र कुंभ शिविर का किया अवलोकन

देवस्थान मंत्री श्री कुमावत ने भाद्रपद सप्तमी के अवसर पर रामदेवरा में चल रहे निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर नेत्र कुंभ का अवलोकन किया। उन्होंने सक्षम संस्था, जयपुर द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पर-पीड़ा निवारण के लिए किए जाने वाले कार्य जन-जन तक पहुंचते हैं, तभी उनकी सार्थकता होती है।

देवस्थान मंत्री ने संस्था द्वारा निरूशुल्क नेत्र चिकित्सा, दवाओं, चश्मों, लेंस एवं अन्य उपकरणों के वितरण को अनुकरणीय बताया। उन्होंने मरीजों से संवाद करते हुए उनके हाल-चाल भी जाने। उन्होंने सरकार के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं, निजी क्षेत्र इत्यादि को भी चिकित्सा सेवाओं में सहयोग देने एवं अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किए जाने पर जोर दिया। श्री कुमावत ने कहा कि परोपकार ही सबसे बड़ा धर्म है। चिकित्सा से जुड़ा सेवा कार्य ही ईश्वर की आराधना है। देवस्थान मंत्री श्री कुमावत ने कहा कि लोक त्यौहार, मेले और उत्सव भारत एवं विशेषकर राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो परंपराओं, धार्मिक विश्वासों और सामुदायिक जीवन को दर्शाते हैं। ये आयोजन न केवल स्थानीय रीति-रिवाजों को संरक्षित करते हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन को बढ़ावा देते हैं और सामाजिक एकजुटता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि मेले और त्यौहार अपनी अद्वितीय लोक कला, धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से देश की विविधता का प्रदर्शन करते हैं। बाबा रामदेव जी का यह मेला आस्था का केंद्र है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। हमारी सरकार मेले, उत्सव, तीज-त्यौहार और लोक कला-संस्कृति को बढ़ावा दे रही है।

खेल मंत्री ने किया महाराणा प्रताप खेलगांव का अवलोकन

# खेलगांव उदयपुर जैसी खेल व्यवस्थाएं अन्यत्र नहीं-कर्नल राज्यवर्धनसिंह



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**. खेल एवं युवा मामले मंत्री कर्नल राज्यवर्धनसिंह राठौड़ ने उदयपुर प्रवास के दौरान रविवार को महाराणा प्रताप खेलगांव का अवलोकन किया। वहां विभिन्न खेल गतिविधियों के लिए निर्माणाधीन स्टेडियम्स आदि का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खेल मंत्री कर्नल राठौड़ रविवार सुबह करीब 9 बजे खेलगांव पहुंचे। इस दौरान राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया भी उपस्थित रहे। संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलक्टर नमित मेहता, युडीए आयुक्त राहुल जैन आदि ने खेलगांव में मुख्यमंत्री बजट घोषणा सहित विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। कर्नल राठौड़ ने शुटिंग रेंज, हॉकी स्टेडियम तथा मल्टीपरपज इनडोर हॉल का अवलोकन किया। इस दौरान खेल मंत्री ने उदयपुर खेलगांव में उपलब्ध खेल सुविधाओं और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि संभवतया उदयपुर खेलगांव जैसी खेल व्यवस्थाएं पूरे राज्य में कहीं उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी दिए। साथ ही सरकार और विभागीय स्तर पर भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। खेलमंत्री ने समीप स्थित मार्बल स्लरी पार्क का भी अवलोकन किया तथा वहां प्रस्तावित शुटिंग रेंज को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की।

# केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने बाबा रामदेव जी की समाधि पर किए दर्शन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**. केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत शनिवार को जोधपुर से सड़क मार्ग द्वारा देर रात्रि रामदेवरा पहुंचे। उन्होंने लाखों-लाखों श्रद्धालुओं के आराध्य लोकदेवता बाबा रामदेव जी की समाधि पर विधिवत पूजा-अर्चना कर धोक लगाई एवं देश व प्रदेश में अमन-चौन, सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नौनद कंवर सहित परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। दर्शन पश्चात मंदिर प्रबंध समिति की ओर से केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत एवं उनके परिजनों का पारंपरिक रूप से स्वागत एवं बहुमान किया गया। समाधि दर्शन के पश्चात श्री शेखावत ने श्रद्धालुओं से भी बातचीत की और बाबा रामदेव जी की भक्ति एवं मेले की व्यवस्था की सराहना की। जिला प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह लोक आस्था का अद्भुत संगम है, जो सामाजिक समरसता, श्रद्धा और सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# मेवाड़ की धरा से गूंजा फिट इंडिया का संदेश साइक्लोथोन एवं मैराथन में उमड़ा उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**. राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा मामले मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में चल रहे 'फिट इंडिया मूवमेंट' के अंतर्गत रविवार को उदयपुर के फतहसागर की पाल से साइक्लोथोन एवं मैराथन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल एवं युवा मामले तथा उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, ओलंपिक पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धनसिंह राठौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ राज्यसभा सांसद श्री चुन्नीलाल गरासिया एवं लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत भी बतौर अतिथि शामिल हुए। खेल मंत्री राठौड़ साइकिल चलाकर आयोजन स्थल पर पहुंचे और प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। मोतीमंगरी गेट से साइक्लोथोन एवं मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वयं मंत्री राठौड़ भी पूरे रूट पर साइकिल चलाते हुए खिलाड़ियों के साथ शामिल हुए। साइक्लोथोन फतहसागर पाल, यूडीए सर्किल, सहेलियों की बाड़ी होते हुए टाया पैलेस तक 3.50 किलोमीटर की दूरी तक आयोजित हुई, जबकि मैराथन मोतीमंगरी से प्रारंभ होकर टाया पैलेस तक संपन्न हुई। टाया पैलेस पर आयोजित समापन समारोह में खेल मंत्री ने कहा कि स्वस्थ एवं खुशहाल रहने के लिए स्वयं पहल करनी होगी। उन्होंने युवाओं और प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन अच्छे निर्णय लें, सकारात्मक लोगों के साथ रहें और खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र
मुद्रण के लिए संपर्क करें।




उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya,
NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

समारोह में प्रसारित प्रधानमंत्री श्री मोदी की मन की बात को सुना

# गणेशोत्सव पर्व मात्र नहीं है, यह सामाजिक एकजुटता की भारतीय संस्कृति-राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर**. राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित गणेशोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने गणेश मंदिर के पुजारियो सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों और प्रतिभाओं को सम्मानित किया। राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि गणेश उत्सव पर्व मात्र नहीं है, यह सामाजिक एकजुटता और परस्पर सद्भाव की भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने गणेश उत्सव समारोह मनाये जाने की परंपरा के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकमान्य तिलक ने महाराष्ट्र में इस तरह के आयोजनों की शुरुआत इसलिए की थी कि समाज एकजुट हो और आजादी आंदोलन के लिए जागरूक हों। उन्होंने गणेश को विघ्नहर्ता बताते हुए कहा कि वह जीवन से जुड़े सभी संकटों को दूर करते हैं। उन्होंने प्रतिभा सम्मान समारोह को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि इससे दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है। इससे पहले राज्यपाल श्री बागडे ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत ष्मन की बातष् कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात जन-जन से जुड़ी हुई भारत की बात है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा मन की बात के अंतर्गत देशभर के प्रांतों की संस्कृति, लोगों और विभिन्न क्षेत्रों में लीक से हटकर कार्य करने वालों की कहानियों के आलोक में इसे प्रस्तुत किए जाने को महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक बताया। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री बागडे का सिविल लाइंस विधायक एवं पत्रकार डॉ गोपाल शर्मा ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान गणेश उत्सव से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बहता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड खण्डवा, निवाई टोंक (राज.) से मुदित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888, जयपुर फोन नं. 0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास ई, टोंक मो.नं. 9414823448 अलवर कार्यालय मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर मो.नं. 7733000123, कोटा कार्यालय छावनी मेन रोड, कोटा मो.नं. 7023350734। ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com"पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार